Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

दैनिक वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 72 | शुक्रवार, 14 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## महापर्व होली का एक ही संदेश- 'सत्यमेव जयते'

# सीएम योगी बोले- ये मतभेदों को खत्म करने का आयोजन



**नई दिल्ली।**

सीएम योगी ने कहा कि होली गायन और वादन का पर्व है। यह एक दूसरे के साथ अपने मतभेदों को समाप्त करने का आयोजन है। महापर्व होली का एक ही संदेश- 'सत्यमेव जयते'।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में होलिका दहन कार्यक्रम में भाग लिया और लोगों पर पुष्प वर्षा की। इस कार्यक्रम में भाजपा सांसद रवि किशन भी मौजूद थे। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी दुष्प्रवृत्ति हम पर हावी हो रही है तो उसको होलिका स्थल पर ही दहन करने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि होली गायन और वादन का पर्व है। यह एक दूसरे के साथ अपने मतभेदों को समाप्त करने का आयोजन है। महापर्व होली का एक ही संदेश- 'सत्यमेव जयते'। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के दौरान तेज आवाज वाले डीजे पर सख्त प्रतिबंध लगाने और धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकरों पर स्थायी रूप से ध्वनि नियंत्रण के उपाय करने का आह्वान किया है। विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को होली समारोह के दौरान तेज आवाज वाले डीजे पर रोक लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बेहतर सुरक्षा के लिए बैंकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए। योगी आदित्यनाथ ने मवेशियों की तस्करी पर निगरानी बढ़ाने का भी आह्वान किया है और तस्करों, वाहन मालिकों और इसमें शामिल किसी भी पुलिस कर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर जोर दिया है।

# 'MPSC परीक्षाएं मराठी में की जाएंगी आयोजित': फडणवीस

**मुंबई।**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग (एमपीएससी) के जरिये आयोजित सभी प्रतियोगी परीक्षाएं अब मराठी में ली जाएंगी।

उन्होंने राज्य विधान परिषद में शिवसेना (यूबीटी) विधायक मिलिंद नार्वेकर द्वारा उठाए गए एक सवाल का जवाब देते हुए इस आशय की घोषणा की। नार्वेकर ने कहा कि कृषि और इंजीनियरिंग से जुड़ी कुछ परीक्षाएं सिर्फ अंग्रेजी भाषा में ही ली जाती हैं। उन्होंने पूछा कि इंजीनियरिंग से जुड़ी परीक्षाएं मराठी भाषा में क्यों नहीं ली जा रही हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परीक्षाएं पहले से ही मराठी और अंग्रेजी दोनों में आयोजित की



जाती हैं। हालांकि, अदालत ने कुछ मामलों में फैसला दिया था कि कुछ परीक्षाएं विशेष रूप से कृषि इंजीनियरिंग से संबंधित परीक्षाएं केवल अंग्रेजी में ही आयोजित की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जब मामला अदालत में ले जाया गया तो सरकारी स्तर पर चर्चा हुई। पाया गया कि इन विषयों की पाठ्य पुस्तकें मराठी में उपलब्ध नहीं हैं। यह बात अदालत के संज्ञान में लाई गई और उसने इस दलील को स्वीकार कर लिया।

### तकनीकी विषयों में भी मराठी भाषा का उपयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीकी विषयों के लिए मराठी पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने अब निर्णय लिया है कि भले ही वर्तमान में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध न हों।

## वर्ल्ड ऑडियो विजुअल इंटरटेनमेंट समिट' को क्रिएटिव कंटेंट प्लेटफॉर्म बनाएंगे

**नई दिल्ली।**

दुनिया में मनोरंजन तथा मीडिया से जुड़े रचनात्मक कंटेट के उभरते क्षेत्र में आर्थिक संभावनाओं को नया आयाम देने के लिए भारत पहले 'व?ल्र्ड आडियो विजुअल इंटरटेनमेंट समिट'(वेभ्स) को ऑस्कर, कान और इफ्फी की तर्ज पर मीडिया कंटेट क्षेत्र का सबसे बड़ा वैश्विक ब्रांड बनाने की पहल शुरू करेगा।

मुंबई में आगामी एक से चार मई तक होने वाले वेभ्स सम्मेलन में 100 से अधिक देशों के क्रिएटिव कंटेट तथा मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ वहां की कंपनियां इसमें हिस्सा लेंगी। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस अहम विश्व सम्मेलन की कामयाबी के लिए गुरूवार को भारत स्थित 130 देशों के राजदूतों तथा उनके राजनियक



अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद वैष्णव ने वेभ्स को वार्षिक आयोजन का वैश्विक ब्रांड बनाने की पहल के अंतर्गत आइआइटी तथा आइआइएम की तर्ज पर देश में इंडियन इस्टीच्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (आइआइसीटी) के पहले संस्थान की मुंबई में स्थापना का एलान किया। वेभ्स सम्मेलन में वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सूचना प्रसारण तथा विदेश मंत्रालय ने गुरूवार को भारत स्थित सभी प्रमुख देशों के राजदूतों की बैठक बुलाई थी।

# कनाडा में बैठक कर रहे जी-7 देशों के विदेश मंत्री ट्रंप की टैरिफ धमकियों से निपटने पर होगी चर्चा

**एपी, ला मालबे (कनाडा)।**

दुनिया के सात औद्योगिक देशों के विदेश मंत्री कनाडा में बैठक कर रहे हैं। यह बैठक यूरोपीय वाइन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लागू करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के कुछ देर बाद शुरू हुई। व्यापार युद्ध बढ़ रहा बढ़ते व्यापार युद्ध से अमेरिका और उसके निकटतम सहयोगियों के बीच संबंधों में अनिश्चितता बढ़ रही है। लिहाजा अगले दो दिनों तक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली एवं जापान के विदेश मंत्रियों की कई शिकायतें सुननी पड़ेंगी। कनाडा की विदेश मंत्री मैलेनी जोली ने बैठक की शुरूआत में



कहा, 'शांति और स्थिरता हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर है और हम रूस के अवैध आक्रमण के विरुद्ध यूक्रेन को समर्थन जारी रखने पर बातचीत करने के इच्छुक हैं। हम पश्चिम एशिया में भी दीर्घकालिक स्थिरता को बढ़ावा देना चाहते हैं।' जोली ने कहा कि वह हर बैठक में यूरोप के साथ समन्वय करने और अमेरिकियों पर दबाव डालने के लिए टैरिफ का मुद्दा उठाएंगी। जबकि रुबियो ने ट्रंप की टिप्पणियों को बहुत महत्व नहीं देते हुए कहा कि राष्ट्रपति केवल वही कह रहे थे जो उन्हें अच्छा विचार लगता है। वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को अमेरिकी शुल्क (टैरिफ) बढ़ने के जोखिम के बीच चमड़ा और कपड़ा जैसे श्रम-बहुल क्षेत्रों समेत घरेलू निर्यातकों को उनके हितों की रक्षा का आश्वासन दिया। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में एक आनलाइन बैठक के दौरान निर्यात से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

## सीएम उमर अब्दुल्ला और विजयन ने केंद्र के सहयोग का चुना रास्ता

**नई दिल्ली।**

मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष शासित राज्यों के साथ भेदभाव करने और संघीय ढांचे को कमजोर करने के आरोपों की धार कुंद होने लगी है। पहले जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और अब केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने केंद्र का विरोध छोड़कर सहयोग का रास्ता अख्तियार कर लिया है।

उमर अब्दुल्ला ने तो यहां तक कह दिया कि राज्य के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह व सहकारिता मंत्री के सहयोग के प्रति अहसान फरामोश नहीं हो सकते। दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव और उसके पहले मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी गठबंधन संघीय ढांचे को कमजोर



करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाते रहे हैं। कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर केरल के मुख्यमंत्री विजयन तक केंद्र पर भेदभाव का आरोप लगाते रहे थे। ममता बनर्जी और एमके स्टालिन अपने-अपने राज्यों में केंद्रीय योजनाओं के धन आवंटन में भेदभाव का आरोप लगा रहे हैं।

## गृह मंत्री अमित शाह का दावा

# पीएम मोदी के 10 साल के कार्यकाल में विगत 70 साल से ज्यादा विकास हुआ

**अहमदाबाद।**

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, भारत में आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क, तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल का नेटवर्क और चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। उन्होंने कहा कि देश में आज 136 वंदेभारत ट्रेन चल रही हैं और 97 प्रतिशत ब्रॉडगेज नेटवर्क का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 साल के कार्यकाल में आजादी के बाद की सभी सरकारों के 70 साल से ज्यादा विकास हुआ है। गृहमंत्री ने कहा, भारत में आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क, तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल का नेटवर्क और चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है।

उन्होंने कहा कि देश में आज 136 वंदेभारत ट्रेन चल रही हैं और 97 प्रतिशत ब्रॉडगेज नेटवर्क का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। शाह ने गुजरात के अहमदाबाद में 146 करोड़ रुपये के कई विकास कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन और शिलान्यास करने के दौरान यह बात कही। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत देशवासियों को



होली के त्योहार की शुभकामनाएं देकर की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश के साथ ही गुजरात भी काफी प्रगति कर रहा है। कच्छ में विश्व के सबसे बड़े ग्रीन एनर्जी पार्क की योजना, एशिया में सबसे बड़ी ग्रीन सिटी, धोलेरा और भारत का दूसरा सबसे लंबा हाईवे-सुरत-चेन्नई एक्सप्रेस हाईवे गुजरात में हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय फाइनेंशियल हब बनाने के लिए अहमदाबाद में गिफ्ट सिटी, अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन और भुज से अहमदाबाद के बीच रेपिड रेल शुरू की गई। पीएम मोदी के कार्यकाल में 4 लेन हाईवे में ढाई गुना बढ़ोतरी हुई है, प्रतिदिन 36.5 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है। देश में आज 157 एयरपोर्ट हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुजरात के गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में स्थापित किए जा रहे छह अस्पताल स्थानीय लोगों को उनके घरों के समीप किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगे।

## रंगों के पर्व होली को मिलेगी वैश्विक पहचान

**नई दिल्ली।** भारत वैसे तो त्योहारों और मेलों का देश है। इनमें होली और दीपावली सबसे खास है। यह बात अलग है कि अब तक इन्हें वैसी वैश्विक पहचान नहीं मिल पाई थी, जिसके हकदार थे। हालांकि अब इन दोनों ही त्योहारों को वैश्विक पहचान दिलाने की कोशिश तेज हुई है।

संस्कृति मंत्रालय ने जल्द ही दीपावली के बाद रंगों के पर्व होली को भी यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) सूची में शामिल करने के लिए प्रस्ताव भेजने की तैयारी में है। इसके लिए जरूरी दस्तावेज तैयार किए जा रहे है। इनमें होली के मौके पर देश के कई हिस्सों में गाए जाने वाले फाग लोकगीत को भी शामिल किया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय ने हाल ही में दीपों के पर्व दीपोत्सव या दीपावली को यूनेस्को की आईसीएच की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा है।

# मॉरीशस के लिए भागीरथी से कम नहीं गंगा तालाब विदेश में भारतीय संस्कृति की दिखती है पराछाई

**नई दिल्ली।**

यूं तो गंगा तालाब भारत से लगभग पांच हजार किलोमीटर दूर मॉरीशस देश में स्थित है लेकिन जैसा कि इसके नाम से ही लगता है, इसका संबंध गंगा नदी से है।

असल में भागीरथी यानी गंगा के नाम पर ही इस तालाब का नाम रखा गया है। यह तालाब मॉरीशस के सावन जिले में एक शांत ज्वालामुखी पर समुद्र तल से लगभग 550 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस तालाब को मॉरीशस में



ग्रैंड बेसिन के नाम से भी जाना जाता है। गंगा नदी की महिमा को प्रचारित करने के चलते इसे मॉरीशस का सबसे पवित्र हिंदू तीर्थ माना जाता है। तालाब के किनारे विशाल मंदिर हैं। यहां भगवान शिव, भगवान गणेश, देवी गंगा व हनुमान जी की विशाल मूर्तियां लगी हैं। यहां मौजूद शिवमूर्ति 108 फीट ऊंची है और यह मॉरिशस की सबसे बड़ी प्रतिमा है। यह मॉरीशस का एकमात्र मन्दिर है जहां भैरो बाबा कुत्ते के रूप में शिव परिवार के साथ मन्दिर के अन्दर प्रतिष्ठित हैं। शिवरात्रि के दौरान तीर्थ यात्री गंगा तालाब तक अपने घरों से नंगे पैर पैदल चलकर जाते हैं। यहां नवरात्रों को भी भव्य तरीके से मनाया जाता है।

# रुपये का सिंबल हटाने पर भड़कीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कहा- अलगाववाद को दे रहे बढ़ावा

**नई दिल्ली।**

रूपये को लेकर शुरू हुए विवाद पर अब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भी बयान आ गया है। सीतारमण ने कहा है कि ये कदम अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा देता है। बता दें कि 2025-26 के लिए राज्य के बजट में स्टालिन सरकार ने देवनागरी लिपि में रुपये के लोगो को तमिल अक्षर से बदल दिया है। भाजपा ने इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि पूर्व द्रमुक विधायक के पुत्र ने ही रुपये का लोगो बनाया है। शुक्रवार को पेश होने वाले बजट से एक दिन पहले मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इसका टीजर साझा किया है। इसमें रुपये के लोगो की जगह तमिल भाषा में 'रु' दिख रहा है, जिसका मतलब 'रुबाई' (तमिल में रुपया) है। वित्त मंत्री सीतारमण ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखा। इसमें उन्होंने लिखा- अगर डीएमके से दिक्कत है, तो उसने 2010 में इसका विरोध क्यों नहीं किया।



## संपादक की कलम से

### प्रदूषण का पोषण

यह खबर शर्मनाक है कि दुनिया के सबसे प्रदूषित बीस शहरों में तेरह शहर भारत के हैं। ऐसी खबरों से दुनिया में कैसी छवि बनेगी, कहने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन ऐसी खबरें विदेशी निवेश व विदेशी पर्यटकों की सोच को जरूर नकारात्मक बना सकती हैं। उल्लेखनीय है कि स्विस वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आई.क्यू. एअर द्वारा जारी वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 बताती है कि दिल्ली वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। गंभीर चिंता इस बात की है कि भारत दुनिया का पांचवां सबसे ज्यादा प्रदूषित देश बना है। उल्लेखनीय बात यह है कि वर्ष 2023 में भारत तीसरे स्थान पर था। लेकिन इस रिपोर्ट में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि देश का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर दिल्ली नहीं बल्कि मेघालय का बनीर्हाट लिस्ट में टॉप पर है। हालांकि, कहना मुश्किल है कि बनीर्हाट की यह स्थिति किसी परिस्थिति के कारण कुछ समय के लिये थी या स्थायी रूप से बनी हुई है। निश्चय ही हमारी राजधानी का दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित होना और देश के तेरह शहरों का शीर्ष बीस प्रदूषित में शुमार होना परेशान करने वाला है। जब किसी शहर के उच्च प्रदूषित होने की बात करते तो यह नीति-नियंताओं की नाकामी और जनमानस की लापरवाही व उदासीनता को ही दशार्ता है। आई.क्यू. एअर द्वारा जारी वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 में भारत में पीएम 2.5 सांद्रता में सात फीसदी की गिरावट देखी। जो वर्ष 2023 में 54.5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी और फिलहाल 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। बहरहाल, वायु प्रदूषण की ये स्थितियां स्वास्थ्य के लिये गंभीर जोखिम की वजह बनी हुई हैं। एक अनुमान के अनुसार वायु प्रदूषण से औसतन व्यक्ति का जीवन 5.2 साल कम हो रहा है, जो स्थिति की गंभीरता का ही परिचायक है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष प्रकाशित लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ अध्ययन के अनुसार प्रदूषण की वजह से वर्ष 2009 से 2019 के बीच हर साल पंद्रह लाख मौतें हुई हैं। देशव्यापी प्रदूषण में पीएम 2.5 की घातकता को लेकर कई अध्ययन सामने आए हैं। दरअसल, 2.5 माइक्रोन से छोटे वायु प्रदूषण कण हमारे फेफड़ों और रक्तप्रवाह में सेंध लगाते हैं, जिससे श्वसन तंत्र को नुकसान पहुंचता है, जिसके चलते सांस लेने में दिक्कत होती है। साथ ही हृदय रोग और कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है। इन प्रदूषण कारक कणों के फैलने के कई कारण हमारी जीवनशैली में बदलाव से भी जुड़े हैं। मजबूत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का न होना भी एक कारण है। वहीं वाहनों के धुएं, औद्योगिक एमिशन का निस्तारण न होने, जीवश्म ईंधन के अधिक प्रयोग, फसल के अवशेष व लकड़ी जलाने से भी इसमें वृद्धि होती है। देश की राजधानी दिल्ली में तो गाहे-बगाहे स्थिति बेहद चिंताजनक होती है।



ललित शर्मा
संपादक




### रंगों से सजी धरती

रंगों से सजी धरती, आकाश भी रंगीन हो,
हर दिल में उमंग हो, और खुशियाँ संगीन हो।
गुलाल उड़े हवाओं में, हर चेहरा मुस्कुराये,चमके,
होली का त्योहार आये, सबके दिलों में प्यार समाये।

संग खेलें हम रंगों में, मिलनसार हो हर कोई भी,
दुश्मनी को भुलाकर, दोस्ती की हो रिवायत जोड़ी।
रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू से महके हम सबका आंगन,
होली के इस पर्व में छाए, हर दिल में उमंगों की बरसातें।

खेलें हम अनेकों रंगों में, और साथ गाए गीत,
हर दिलों में हो खुशियाँ, और हर आँखों में हो रीत।
होली का यह पर्व हमें, सिखाता है प्रेम और भाईचारा,
हर रिश्तों की कद्र करे हम, ये है होली का प्यारा इशारा।

रंगों से सजी है हर एक गली, मोहल्ले, गाँव,
हर दिल में छाई है एक नई खुशियाँ और बहार।
लाल,पीला,हरा गुलाल उड़े हवा में, रंगों से हो जीवन,
होली का पर्व लाए प्रेम, हर दिल में हो नयापन, नवजीवन।

प्यार की महक, रिश्तों में हो पकवानों की मिठास,
होली के रंगों में दिल में सजी को हर रिश्ते का संसार।
इस रंग-बिरंगे पर्व पर, हम सब मिलकर गाएं गीत-संगीत,
हम प्यार की राह पर चलें, यही हो हमारी दिल की दुआएं।

संग खेलें हम रंगों में, रंगीन हो हर एक का चेहरा,
मिठास में घुल जाए सभी दुख-दर्दों की रूसवाईयां।
संग हो हर रिश्ते का संसार, होली है खुशियों का त्योहार,
आओ हमसब मिलकर मनाएं, साथ हो हमारा अपना परिवार।



रूपेश कुमार
चैनपुर, सीवान, बिहार

# बुरा न मानों होली है ! आखिर कब से ?



**कैप्टन (डॉ०) जय महलवाल (अनजान)**

भारतवर्ष एक बहुभाषी और विशाल देश है। यहां पर विभिन्न धर्मो और समुदायों के लोग रहते हैं। इस कारण यहां त्योहार भी अलग-अलग तरीके से मनाए जाते हैं। सब धर्म के लोग अपने-अपने त्योहारों को बहुत उत्साहपूर्वक और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। हर महीने हमारे भारतवर्ष में कोई ना कोई त्यौहार किसी न किसी धर्म का चला ही रहता है। हिंदू धर्म में होली का त्यौहार भी एक विशेष महत्व रखता है। ₹बुरा ना मानो होली है₹ इसी डायलॉग के साथ लोग एक दूसरे को रंग लगाने से नहीं हिचकते हैं। सबको पता है की होली का त्यौहार है तो रंग तो लगेंगे ही, इसलिए सब लोग इस त्यौहार को बहुत ही आनंदपूर्वक मनाते हैं। होली के दिन छोटे से छोटे बच्चों से लेकर नौजवान और बूढ़ों तक में उत्साह देखा जा सकता है। जहां एक और छोटे-छोटे बच्चे पिचकारिया लेकर और गुब्बारे में पानी भरकर एक दूसरे के ऊपर रंग फेंकते हैं वहीं दूसरी ओर व्यस्क एक दूसरे के चेहरों को रंग और गुलाल से लाल पीला कर देते हैं। होली के बारे में बहुत सी कथाएं प्रचलित हैं। सबसे अधिक प्रचलित कथा हिरण्यकश्यप और प्रहलाद की है। हिरण्यकश्यप एक बहुत ही शक्तिशाली राजा था। क्योंकि प्रहलाद विष्णु भक्त था और वह विष्णु की बहुत अधिक भक्ति करता था इसी कारण हिरण्यकश्यप ने नाराज होकर उसको कठोरतम दंड दिए थे। फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी वाले दिन सबसे पहले प्रहलाद को ऊंचे पहाड़ की छोटी से नीचे फिंकवा दिया गया था लेकिन प्रहलाद का बाल भी बांका नहीं हुआ था। लगातार आठ दिनों तक प्रहलाद को कठोर से कठोर दंड दिए गए। उसको गर्म तेल के बहुत बड़े कढ़ाहे में डाल दिया गया तो कभी उसको हाथी के पैरों से कुचलवाया गया। जब हिरण्यकश्यप ने देखा कि प्रहलाद को इतनी यातनाएं देने पर भी कोई फर्क नहीं पड़ रहा है तो उसने थक हार कर नौवे दिन अपनी बहन होलिका की गोद में प्रहलाद को बिठाकर जिंदा जलाने की कोशिश की। उसने सोचा कि इसके साथ जलकर प्रहलाद भस्म हो जाएगा। होलिका को वरदान प्राप्त था कि उसे आग जला नहीं सकती है, परंतु वह अग्नि में जलकर खुद तो भस्म हो गई और प्रहलाद को कोई आंच नहीं आने दी।

होली के त्यौहार को चंद्रमा की पूर्णिमा के आखिरी दिन मनाया जाता है। अगर होली के इतिहास की बात करें तो हम पाते हैं कि पुरातन काल से इस त्यौहार को मनाया जाता आ रहा है। इतिहास की कई साहित्यिक कृतियों और ग्रंथों में होली का उल्लेख मिलता है। जहां ऋग्वेद (1500 ईसा पूर्व) में ₹होलिका₹ शब्द का उल्लेख मिलता है वहीं महाभारत (400 ईसा पूर्व) में हिरण्यकश्यप और प्रहलाद का महत्वपूर्ण वर्णन मिलता है।300 ईसा पूर्व में पुराणों में भी होलिका दहन का उल्लेख हमको मिलता है।400 ईस्वी में कालिदास की रचनाओं में मशहूर रचना मेघदूत में भी होली का उल्लेख मिलता है।हेमचंद्र 1100 ईस्वी की रचनाओं में से एक रचना ₹त्रिशतिकल्पलता₹ में होली का प्रमुख वर्णन है।

1500-1800 ईस्वी मुगल बादशाहों के दरबार में भी होली का उल्लेख मिलता है, जैसे कि बाबर की ₹तुजक-ए-बाबरी₹ में। 1800झ1947 ईस्वी ब्रिटिश शासन काल में जेम्स थॉमसन की कृति ₹इंडिया एंड इट्स पीपल₹ में भी होली का वर्णन खूब किया गया है।

अगर बात स्वतंत्र भारत की की जाए तो सन 1947 से वर्तमान तक होली का उल्लेख मिलता है, जिनमें कि हिंदी कवियों और साहित्यकारों में होली पर लिखी गई कविताएं और कहानियां काफी उल्लेख डालती हैं। प्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मन की होली की चित्रकला भी बहुत मशहूर है। हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर जिले के सुजानपुर की होली और ऊना जिले के मैड़ी का होला मोहल्ला मेला बहुत ही प्रसिद्ध है। मंडी में सेरी मंच पर होली मनाने लोग दूर दूर से आते हैं। हिमाचल प्रदेश और भारत वर्ष (खजुराहो) में कई मंदिरों में होली की चित्रकला का अनूठा उदाहरण देखने को मिलता है,जिससे कि यह स्पष्ट होता है कि यह त्यौहार कितना पुरातन एवम्सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाता रहा है। होली के गीत एवम् संगीत भी बहुत चर्चित हैं। फिल्मों में भी होली के गाने बहुत चर्चित है जिनपर कि होली के दिन सारे लोग मिलकर थिरकते हैं और इस त्यौहार को आनंदपूर्वक मनाते हैं।

कहा जाता है कि भारतवर्ष में यह त्यौहार 600 ईसा पूर्व से मनाया जाता आ रहा है। अगर बात रामगढ़ के अभिलेख की की जाए तो बिना क्षेत्र में स्थित रामगढ़ स्थान पर इशा से 300 वर्ष पुराने एक अभिलेख में भी इसका उल्लेख मिलता है। हमारे देश में इसको भगवान श्री कृष्णा और राधा के बीच अटूट प्रेम के रूप में भी जाना जाता है। भारतवर्ष में सब राज्यों में अपने-अपने तरीके से होली का त्यौहार मनाया जाता है।जहां भारत के उत्तरी क्षेत्रों में इस त्यौहार को बहुत अधिक मनाया जाता है वहीं दक्षिण क्षेत्रों में इसको आंशिक रूप से ही मनाया जाता है।परंतु सब का उद्देश्य एक ही होता है कि आपस में सबका भाईचारा कायम रहे और प्यार प्रेम यूं ही बना रहे।

## उदय किशोर साह
## इन्सानों की बदली पहचान
### कविता

इन्सानों की बदली यहाँ पहचान
हैवानों की बढ़ गई जग में मान
बदली बदली यहाँ जन की ईमान
कैसी दुनियाँ रच दी ओ भगवान

लाज शर्म का निकला दीवाला
अश्लीलता की हर तरफ बोलबाला
फुहड़ता फैशन की सज गई दुकान
कैसी दुनियाँ रच दी ओ भगवान

बड़े बुर्जुग का गुम हो गई सम्मान
गिरगिट की भाँति बदल रहा इन्सान
बड़े छोटे का भूल गया है जग ज्ञान
कैसी दुनियाँ रच दी ओ भगवान

कष्ट से माँ बाप था कभी जिन्हें पाला
उनके लिये क्यूँ घर में लगा ताला
वृद्धाश्रम बना है अब उनके ही नाम
कैसी दुनियाँ रच दी ओ भगवान

शिक्षा क्यूँ दिख रही है लाचार
भूल गया मानस क्यूँ आचार विचार
कागज का टुकड़ा जहाँ बनी है ज्ञान
कैसी दुनियाँ रच दी ओ भगवान

# आओ रंगों के महोत्सव होली को सावधानी से मनाए

**वेलकम इंडिया**

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर त्योहारों के प्रतीक भारत में आदि अनादि काल, हजारों वर्षों से सभी त्यौहारों को बड़े ही आत्मीयता, उत्साह सौहार्द से मनाने की प्रथा रही है जो आज भी उसी लगन, उत्सव, आनंद से शुरू है!

साथियों बात अगर हम13-14 मार्च 2022 दो दिवसीय होलीका पर्व उत्सव की करें तो हर भारतीय त्योहार की तरह होली मनाने का भी अपना एक कारण है जिसको जानना आधुनिक युवाओं के लिए खास महत्वपूर्ण है। पौराणिक कथाओं के अनुसार प्राचीन काल में हिरण्यकश्यप नामक राक्षस राजा का पुत्र प्रहलाद, भगवान विष्णु का परम भक्त था जो उसके राक्षस पिता को पसंद नहीं था और भक्ति से विमुक्ति करने उसने अपनी बहन होलिका को यह जिम्मेदारी सौंपी, जिसे वरदान प्राप्त था कि अग्नि भी उसकी देह को जला नहीं सकती। इसलिए होलिका ने भगत प्रह्लाद को मारने उसे गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश हो गई परंतु वह खुद जल गई पर भगत प्रल्हाद का बाल भी बांका नहीं हुआ दूसरी ओर रंग वाली होली पर्व उत्सव राधा-कृष्ण के पावन प्रेम के प्रतीक के रूप में भी मनाई जाती है इसके अलावा मीडिया में इसे मनाने को लेकर अनेक पर्यावरणीय योग उपचार, स्वास्थ्य संबंधी वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं।

साथियों बात अगर हम होली में बरतने वाली सावधानियों की करें तो, (1) त्वचा की सुरक्षा के लिए विशेष देखभाल आवश्यक है। जब भी होली खेलने निकलें, उससे पहले त्वचा पर कोई तैलीय क्रीम या फिर तेल, घी या फिर मलाई लगाकर निकलें, ताकि त्वचा पर रंगों का विपरीत असर न पड़े। (2) बालों को रंग से बचाने का पूरा प्रयास करें। रंग आपके बालों को रूखा, बेजान और कमजोर बना सकते हैं। इनसे आपके बालों का पोषण भी छिन सकता है। (3) यदि होली खेलते समय आंखों में रंग चला जाए तो तुरंत आंखों को साफ पानी से धोएं। यदि आंखें धोने के बाद भी तेज जलन हो, तो बिना देर किए डॉक्टर को दिखाएं। (4) आंखों पर गलती से गुब्बारा लग जाए या खून निकल आए तो पहले सूती कपड़े से आंखों को ढंकें या फोहा लगाएं। इसके बाद डॉक्टर को जरूर दिखाएं।(5) बाजार के हरे रंग से होली खेलते समय ध्यान रखें, इसमें कॉपर सल्फेट पाया है, जो आंखों में एलर्जी, सूजन अंधापन जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इस बात का विशेष ध्यान रखें। (6) सिल्वर चमकीले रंग का इस्तेमाल न करें। इसमें एल्युमीनियम ब्रोमाइड होता है, जो त्वचा के कैंसर के लिए जिम्मेदार हो सकता है। वहीं काले रंग में उपस्थि ?त लेड ऑक्साइड किडनी को बुरी तरह प्रभावित करता है। (7) होली खेलें लेकिन पूरे होश में खेलें। अधि ?क नशा करना आपके स्वास्थ्य को तो प्रभावित करता ही है, कई बार अनहोनी घटनाओं का कारण भी बनता है। होली सुरक्षित तरीके से खेलें।

## सावन के मनभावन दोहे

तन मन जीवन पर चढ़े, नेह-मेह के रंग।
अबकी होली में खिले, जीवन के हर अंग।।

रंग रंग के संग से, बदले जीवन रंग।
उमंग रंग तरंग से, रसमय जीवन जंग।।

तन पर बरसे रंग-रस, मन भींजे रस माहिं।
लागी लगे लगाव से, खैर बैर अब नाहिं।।


रंगरसिया मन बसिया, हर दिन होली होय।
रस बरसे मन-गगन से, रस से बचे न कोय।।

तमसो मा ज्योतिर्गमय, अवगुण दहन कराहि।
सावन पावन होलिका, ज्योति जले मन माहि।।

- डॉ. सुनील चौरसिया 'सावन'



# गधे पर बैठकर होली की मस्ती में झूमने की परम्परा है जहां!



डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

**वेलकम इंडिया**

जब मौसम में बासंती ब्यार बहने लगे और लोगो में मस्ती का भाव कुलमुलाने लगे और प्रकृति जब अपना आवरण बदलने लगे तो समझो फाल्गुन आ गया यानि होली ने आपके द्वार पर दस्तक दे दी है। होली एक ऐसा पर्व है जो स्वयं ही लोगो के दिलो में उमंगता लाकर उन्हे अपने रगं में रगंने लगती है। प्रकृति का यही उल्लास लोगो के मन में एक नई उमंग,एक नई खुशी,एक नई स्फूर्ति को जन्म देकर उनके मन को आल्हादित करता है। प्रकृति की इस अनूठी छटा व मादकता के उत्सव को होलिकोत्सव के रूप में मनाए जाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। जिस पर हम सब रंगो से सराबोर हो जाते है। होली के इस पर्व को यौवनोत्सव, मदनोत्सव, बसंतोत्सव,दोलयात्रा व शिमागा के रूप में मनाये जाने की परम्परा है। फाल्गुन मास के अन्तिम दिन मनाए जाने वाले रंगो के इस पर्व होलिकोत्सव को लेकर यूं तो विभिन्न कथाए प्रचलित है।लेकिन इस पर्व की वास्तविक शुरूआत प्रकृति परिवर्तन से ही होती है। प्रकृति अपना आवरण बदलती है। पेड पोधे अपने पुराने पत्तो को त्यागकर ,पेड का तना अपने बक्कल को छोडकर नये पत्तो व नये स्वरूप में परिवर्तित होते है। इसी प्रकार मनुष्य के शरीर की खाल तक धीरे धीरे बदल जाती है।

पांच तत्वों से बना हमारा शरीर भी चूंकि प्रकृति का अंग है इसकारण वह भी मन और शरीर दोनो तरह से अपने आपमें परिवर्तन का अनुभव करता है। यही अनुभव हम होली के रूप में तहसूस करते है। होली अर्थात पवित्रता का पर्व होली शब्द को यदि अंग्रेजी भाषा रूप में देखे तो इसका अर्थ पवित्र है। यानि होली को पवित्रता का त्यौहार भी माना जाता है।जिसमें सब आपसी ईष्या व द्वेष मिटाकर पवित्र मन से नई फसल आने की खुशी होली रूप में मनाते है। यदि यह पर्व पवित्र है,तो फिर इस पवित्र और पावन पर्व पर हुडदंग कैसा ?यह पर्व प्रकृति के नवपरिवर्तन से जुडा है।

प्रकृति जब अपना आवरण बदलने लगती ,मौसम में बासंती ब्यार बहने लगती और लोगो में प्यार और मोहब्बत का भाव जगाने लगती है तो समझो फाल्गुन का मौसम आ गया और

होली अर्थात पवित्रता के रंग में रंगने का अवसर भी आ गया। होली लोगो के दिलो पर दस्तक देकर उन्हे अपने रगं में रगंने लगती है। प्रकृति का यही उल्लास लोगो के मन में एक नई उमंग,एक नई खुशी,एक नई स्फूर्ति को जन्म देकर उनके मन को आल्हादित

करती है। प्रकृति की इस अनूठी छटा व मादकता के उत्सव को होलिकोत्सव के रूप में मनाए जाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। होली की मशहूर कथाएं धार्मिक पुस्तको व शास्त्रों में होली को लेकर विभिन्न दन्त कथायें प्रचलित है।

इन कथाओं के अनुसार नारद पुराण में यह पर्व हिरण्यकश्यप की बहन होलिका के अन्त व भक्त प्रहलाद की ईश्वर के प्रति आस्था के प्रति विजय का प्रतीक है। प्रचलित कथा के अनुसार हिरण्य कश्यपको जब उनके पुत्र प्रहलाद ने भगवान मानने से इंकार कर दिया तो अहंकारी शासक हिरण्य कश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद की हत्या के लिए उसे आग में न जलने का वरदान प्राप्त होलिका की गोद में जलती चिता में बैठा दिया किन्तु होलिका का आग में न जलने का वरदान काम नही आया और वह आग में जलकर भस्म हो गई। जबकि प्रहलाद सकुशल बच गया। तभी से होलिकोत्सव पर होली दहन की परम्परा की शुरूआत हुई। होली के पर्व को मुगल शासक भी शान से मनाया करते थे। मुगल बादशाह अकबर अपनी महारानी जोधाबाई के साथ जमकर होली खेलते थे। बादशाह जहांगीर ने भी पत्नी नूरजहां के साथ रंगो की होली खेली। इसी तरह बादशाह औरंगजेब ,उनके पुत्र शाह आलम और पोत्र जहांदर शाह ने भी होली का त्योहार रंगो के साथ मस्ती के आलम में मनाया जिसका उल्लेख इतिहास में पढने को मिलता है। जिससे स्पष्ट है कि हिन्दू ही नही मुस्लमान भी होली का पर्व मनाते रहे है। पिरान कलियर के वार्षिक उर्स में विदेशों से आने वाले जायरीन हर साल फूलो की होली खेलते है, जिसमें हिन्दू और मुस्लमान दोनो शामिल होते है।

राजस्थान के सांभर की होली राजस्थान में सांभर की होली का अपना महत्व है। सांभर की होलीमनाने के लिए आदिवासी समाज की लडकियां वस्त्रो की जगह अपने शरीर को टेसू की फूल मालाओं से ढककर अपने प्रेमियों के साथ नदी किनारे जाकर सर्प नृत्य करती है। इस सर्प नृत्य के बाद इन लडकियो की शादी उनके प्रेमियों के साथ कर दी जाती है। राजस्थान में ही हाडोती की कोडामार होली जिसमें देवर भाभी व जीजा शाली एक दुसरे को कोडे मार कर होली के रगं में रंग जाते है। इसी राजस्थान में होली पर अकबर बीरबल की शोभा यात्रा निकालकर होली का रगं व गुलाल खेला जाता है। राजस्थान के बाडमेंर में तो होली की मस्ती के लिए जीवित व्यक्तियों की शवयात्रा बैण्डबाजे के साथ निकालने की परम्परा है। वही राजस्थान के जालोर क्षेत्र में होली पर लूर नृत्य किया जाता है तो झालावाड क्षेत्र में गधे पर बैठकर होली की मस्ती में झूमने की परम्परा है। बीहड क्षेत्र में तो पुरूष धाधरा चोली पहन कर ढोल नंगाडे बजाते हुए होली का नृत्य करते है तथा होली का गायन करते है। मथुरा की लठठमार होली बीकानेर की डोलचीमार होली की कहानी भी गजब है।

लठठमार होली मथुरा के बरसाने में खेली जाती है। जिसमें महिलाए पुरूषो पर लठठ से प्रहार करती है और पुरूष ढाल का उपयोग कर अपना बचाव करते है।इस लठठमार होली को देखने के लिए देश विदेश से बडी सख्या में श्रद्धालु मथुरा आते है। भले ही इस होली को लठठमार होली के रूप में मनाया जाता हो परन्तु किसी के भी मन में होली खेलते समय कोई बैर भाव नही होता सभी प्यार और माहब्बत को नया जन्म देने के लिए यह होली खेलते है। पंजाब के होला मोहल्ला की शान ही निराली है। होला मोहल्ला की तैयारी काफी पहले से शुरू हो जाती है। जिसमें शामिल होने के लिए लोग दूर दूर से पंजाब पहुंचते है और होला मोहल्ला की मस्ती में खोये रहते है। होला मोहल्ला रूप में होली का पर्व मनाने का मकसद भी नई फसल की खुशी मनाना ही है। इसी तरह ,कांगडा की भक्ति रस में डूबी होली की अपनी ही शान है। यानि चहुं और मस्ती के इस पर्व को नई फसल आने की खुशी के रूप में ही जगह जगह मनाया जाता है। विकारमुक्ति का पर्व है होली कुछ लोगो ने होली की मस्ती के नाम पर इस पवित्र व पावन पर्व को अपवित्र भी कर दिया है। होली पर खुशी कायम करने के लिए आपसी प्रेम,मोहब्बत,भाईचारे की नई शुरूआत के लिए रूठो को मनाने के लिए और विकारों को छोडकर अच्छे गुण धारण करने के संकल्प लेने के बजाए कुछ लोग होली पर शराब पीने,जुआ खेलने,दुसरों पर कीचड डालने को ही होली समझ बैठते है जबकि यह पर्व इन दुगुर्णो को त्यागने का सबसे अच्छा अवसर है। नई फसल ,नई प्रकृति आवरण और शरीर में नया खून बनने और त्वचा आवरण बदलने का स्वागत हमे प्राकृतिक रंगो ,फूलो और मिठास से करना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नवविवाहित अमित की इलाज के दौरान हुई मौत गमगीन माहौल में किया गया अंतिम संस्कार



वेलकम इंडिया

**किठौर।** थाना क्षेत्र के कस्बा शाहजहांपुर में विगत 6 मार्च को रहस्यमयी अंदाज में गंभीर रूप से घायल हुए नवविवाहित अमित की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई, पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार की शाम जैसे ही शव मृतक के पैतृक आवास पहोंचा तो माहौल गमगीन हो गया। मृतक को देखने लिये कस्बे के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा, नवविवाहिता भी परिवार जनों के साथ विलाप करती हुई अपने मृतक पति के आखरी दीदार करने पहुंची ।भीड़ में मौजूद लोग अमित की सादगी के गुणगान करते हुए नजर आए ।परिजनों के करुण विलाप से वहां मौजूद हर शख्स की आँखे नम हो गई ।गमगीन माहौल में अमित का अंतिम संस्कार रात्रि बृजघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया ।बताते चलें कि कस्बा शाहजहांपुर निवासी अमित पुत्र सुल्लड़ की शादी दिनांक 6 मार्च को जिला हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर अंतर्गत ग्राम नया गांव में कुँवर पाल की पुत्री से हुई थी ।रात्रि 11 बजे दुल्हन विदा होकर दूल्हे के घर आ गई थी। रात्रि 2 बजे अमित घर के बाहर बने बाथरूम में टॉयलेट करने गया लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आया। मृतक के भाई ने बाहर आकर देखा तो अमित बेहोशी की हालत में बाथरूम में पड़ा हुआ था ।उसके सर में चोट लगी हुई थी, कंधे व गाल पर भी चोट के निशान थे ।बाथरूम के बाहर खून भी पड़ा हुआ था ।स्वजनों ने आनन फानन में अमित को मेरठ लोकप्रिय अस्पताल भर्ती कराया ।लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे दिल्ली एम्स रेफर कर दिया था ।एक हफ्ता वेंटीलेटर पर रहने उपरांत अमित की मृत्यु हो गई, बृहस्पतिवार को उसने दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में जिन्दगी की आखिरी सांस ली ।मामले में पुलिस केस होने के कारण दिल्ली में ही अमित का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के भाई विनोद ने अज्ञात व्यक्ति पर हमले का आरोप लगाकर किठौर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है, लेकिन रहस्यमयी अंदाज में हुई घटना की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ सकी है। पुलिस अभी भी हादसा या हत्या के बीच उलझी हुई है। पुलिस को कोई ऐसा ठोस साक्ष्य नहीं मिला है, जिसके आधार पर मामले के खुलासे तक पहोंचा जा सके ।हालांकि पुलिस हर बिंदु पर बारीकी से जाँच कर रही है ।पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मृत्यु के कारण पता चल सकता है। पुलिस को किसी नतीजे पर पहोंचने में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मदद मिल सकती है।

# फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी में धूमधाम से मनाया होली उत्सव



वेलकम इंडिया

**नूरपुर :** फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी शिवाला कलां बिजनोर में मनाया धूमधाम से होली का उत्सव विद्यालय के छात्र छात्राओं और अध्यापक अध्यापिकाओ ने होली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया। छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने गुलाल व रंग लगाकर होली खेली और एक दूसरे को गुंजिया एवं फल खिला कर होली की शुभकामनाएँ दी।

इस अवसर पर विद्यालय के एमडी संघर्ष चौहान ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताया कि होली रंगों का त्यौहार है जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह त्यौहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है।

इस अवसर पर विद्यालय के एमडी संघर्ष चौहान एवं प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा तथा स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

# डायबिटीज मरीजों को बेहद सतर्क रहने की जरूरत: डॉ अजय कुमार यादव

वेलकम इंडिया

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जो एक बार हो जाने के बाद पूरी जिंदगी पीछा नहीं छोड़ती। सिद्धार्थनगर जिले के बर्डपुर स्थित विद्या हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉ. अजय कुमार यादव कहते हैं कि डायबिटीज के मरीजों को विशेष ध्यान देना चाहिए। मौसम के उतार चढ़ाव में शुगर बढ़ सकता है, इसलिए सही खानपान और दिनचर्या अपनाएं।

रोजाना व्यायाम, हेल्दी डाइट और पानी पीने की आदत से आप अपने शुगर को कंट्रोल में रख सकते हैं। अगर शुगर लेवल बार-बार अनकंट्रोल हो रहा है, अगर आपका ब्लड शुगर लेवल 300 - 400ें/छि से ज्यादा है, तो तुरंत अपने डॉक्टर से सलाह लें। नियमित व्यायाम करें। डॉक्टर अजय कुमार यादव के अनुसार, डायबिटीज मरीजों के लिए रोजाना 30 मिनट की वॉक या हल्का व्यायाम करना जरूरी है। सुबह की सैर के लिए धूप निकलने का इंतजार करें। योग, स्ट्रेचिंग और हल्के फिजिकल एक्सरसाइज भी शुगर को कंट्रोल में रखने में मददगार होते हैं। सही खानपान का ध्यान रखें शुगर की वजह से तले-भुने और मीठे खाद्य पदार्थों की ओर झुकाव बढ़ जाता है, लेकिन डायबिटीज के मरीजों को इससे बचना चाहिए।



**डॉक्टर के अनुसार:** फाइबर युक्त सब्जियां: करेला, पालक, मेथी, और ब्रोकली जैसी सब्जियों का सेवन करें। सूखे मेवे: बादाम और अखरोट सीमित मात्रा में लें। प्रोसेस्ड फूड और मीठा मैदे और चीनी से बनी चीजों से दूरी बनाएं। डॉक्टर अजय कुमार यादव का कहना है कि खाने में फाइबर और प्रोटीन को शामिल करें, ताकि शुगर लेवल तेजी से न बढ़े। थोड़े-थोड़े समय पर हल्का खाना खाते रहे।

**हाइड्रेशन का रखें ध्यान:** डॉक्टर अजय कुमार यादव ने बताया, ₹पानी की कमी से शरीर में शुगर का स्तर बढ़ सकता है। दिनभर में 2-3 लीटर पानी जरूर पिएं। गुनगुना पानी एक अच्छा विकल्प है। शुगर लेवल की नियमित जांच करें डायबिटीज के मरीजों को शुगर मॉनिटरिंग पर खास ध्यान देना चाहिए। डॉक्टर अजय कुमार यादव ने कहा, शुगर को समय-समय पर मापना जरूरी है। अगर आपका ब्लड शुगर 300-400ें/छि से ज्यादा हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# डीएम एसपी ने पुलिस बल के साथ होली पर्व जुम्मे की नमाज को लेकर तीनों तहसीलों में किया पैदल फ्लैग मार्च

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़**/जिले में होली पर्व एवं जुम्मे की नमाज को शांति सौहार्दपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत संपन्न कराने को लेकर डीएम एसपी पुलिस बल के साथ उतरे सड़क पर।

आपको बता दें कि होली का पर्व और जुम्मे की नमाज रमजान माह में एक साथ होने के चलते जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम के द्वारा शरारती तत्वों से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। और

होली पर्व एवं जुम्मे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराए जाने व जनपद में कानून शांति/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनता में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पैदल फ्लैग मार्च करने के साथ शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचल क्षेत्र तक होलिका दहन के स्थान और मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया है। जिसको लेकर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा कंट्रोल रूम के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भ्रामक सूचना फैलाने वालों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। तथा सभी थाना क्षेत्रों में तैनात पुलिस बल सहित संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# सहरी, इफ्तारी, तरावीह, फितरा...रमजान के ये जरूरी बातें

वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** रमजान का महीना सिर्फ भूख-प्यास तक ही सीमित नहीं है। यह महीना अनुशासन से जुड़ा है। ऐसे में रमजान का महीना मुसलमानों के जीवन में कुछ अहम बदलाव लेकर आता है। आइए जानते हैं इन बदलावों से जुड़ी हुई अलफाजें।

रमजान का महीना तीन हिस्सों मे एक हिस्सा प्रतिशत पूरा हो चुका है। यानी इस महीने के 10 दिन बीत चुके हैं. रमजान के महीने को लोकप्रिय रूप से रोजे से जोड़ा गया है। सूरज उगने के बाद से सूरज ढलने तक, रोजेदार खाने-पीने से परहेज करते हैं। लेकिन रमजान सिर्फ भूख-प्यास तक ही सीमित नहीं है। रमजान अनुशासन का महीना है।



**सहरी:** सहरी शब्द सहर से बना है. इसका मतलब है सवेरा. रोजा रखने के लिए लोग सुबह उठते हैं और सहरी करते हैं. जैसे ही सूरज की पहली किरण निकलती है, सहरी का वक्त खत्म हो जाता है। अब अगर आपके मन में सवाल आया है कि क्या सहरी को छोड़ा जा सकता है? तो इसका जवाब है नहीं। अगर आपके मन में सवाल आया है कि क्या रात में ही सहरी करके सो नहीं सकते? तो इसका जवाब भी है नहीं। इन तीनों सवालों के जवाब हमें हदीस (पैगंबर मोहम्मद स.अ. की कही हुई बातों और जीवन का लेखा-जोखा) में मिल जाते हैं। एक हदीस के अनुसार, सहरी को छोड़ना अच्छा नहीं माना गया है। सहरी को प्रोत्साहित किया गया है। और एक हदीस के अनुसार, सहरी को आखिरी वक्त पर करना चाहिए। यानी अगर आपको लगता है कि आपको सहरी करने में आधा घंटा लगेगा, तो आप सूरज की पहली किरण निकलने से आधा घंटा पहले ही सहरी शुरू करें। मिसाल के तौर पर, आज सहरी का वक्त तड़के 5:17 बजे खत्म हुआ. ऐसे में करीब 4:45 पर सहरी करना बेहतर है।

**इफ्तार:** सूरज ढलने के बाद रोजेदारों के पहले खाने को इफ्तार कहा जाता है। आमतौर पर रोजेदार खजूर से इफ्तार की शुरूआत करते हैं। इफ्तार से जुड़ी एक अहम बात यह है कि इसमें देरी करना अच्छा नहीं माना जाता। यानी जैसे ही सूरज ढले, आपको अपना रोजा खोल लेना है।

**तरावीह:** रमजान से जुड़ी एक और खास चीज है इस महीने में पढ़ी जाने वाली नमाज, तरावीह। यह नमाज रात के वक्त पढ़ी जाती है। यह नमाज स्वेच्छा से पढ़ी जाती है। तरावीह से जुड़ी खास बात यह है कि पूरे महीने के दौरान तरावीह में पूरा कुरान पढ़ा जाता है।

**मिसवाक:** पीलू के पेड़ की लकड़ी से बने दातून को मिसवाक कहा जाता है। इसका इस्तेमाल दांत साफ करने के लिए किया जाता है। यूं तो मिसवाक का इस्तेमाल सालभर किया जाना चाहिए, और किया जाता है। लेकिन रमजान के महीने में इसका इस्तेमाल बढ़ जाता है। इसका कारण यह है कि रोजे के दौरान आमतौर पर लोग टूथपेस्ट का इस्तेमाल करने से बचते हैं।

**मिसवाक:** टूथपेस्ट का इस्तेमाल अगर किया भी जाता है तो सहरी से पहले। अगर कोई सहरी के बाद कुछ घंटों के लिए सो जाता है तो वह जागने पर मिसवाक से अपना मुंह साफ करता है। मिसवाक का इस्तेमाल दिन में दो-तीन बार किया जाता है ताकि मुंह को साफ रखा जा सके।

**फितरा:** फि तरा या जकात अल फि तर एक खास दान है जो रमजान के रोजे के अंत में किया जाता है। अगर किसी मुसलमान के पास साधन हैं तो उसके लिए अनिवार्य है कि वह अपनी ओर से और अपने ऊपर आश्रित लोगों (पत्नी, बच्चे, आदि) की ओर से फितरा दे। एक इंसान को 2.8 किलोग्राम गेहूं या उसके बराबर फितरा देना होता है। यानी अगर आपके परिवार में चार लोग हैं तो आपको 11.2 किलो गेहूं के बराबर फितरा देना है।

# रामलीला ग्राउंड में मॉक ड्रिल कर नगर जोन के समस्त एसीपी, एसएचओ के रेस्पॉन्स टाइम चेक किया

वेलकम इंडिया



**आगरा।** रकाबगंज थाना क्षेत्र के रामलीला मैदान में दो पक्षों में पथराव हो रहा है। शहर के सभी सर्किल के एसीपी और थाना प्रभारी पूरे फोर्स के साथ बॉडी प्रोटेक्टर पहनकर तत्काल वहां पहुंचें। यह वायरलेस डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने किया। डीसीपी के निर्देश पर भी एसीपी और कुछ थाना प्रभारी विलंब से पहुंचे। इस बात पर अपर पुलिस आयुक्त संजीव त्यागी और डीसीपी सिटी ने उनकी फटकार लगाई। साथ ही कहा कि भविष्य में अगर वायरलेस पर सूचना आने के बाद समय से नहीं पहुंचे तो कड़ी कार्रवाई होगी।

आईपीएस सोनम कुमार हाल ही में डीसीपी सिटी बने हैं। वह बेहतर पुलिसिंग के लिए जाने जाते हैं, जिस दिन से उन्होंने चार्ज लिया है उसी दिन से वह लगातार फील्ड में भी दिखाई दे रहे हैं। बुधवार को उन्होंने 5:45 पर वायरलेस किया। वायरलेस पर कहा कि रामलीला मैदान में दो पक्षों में पथराव हो रहा है। समस्त एसीपी और थाना प्रभारी मय फोर्स के वहां पहुंचे। इसके साथ ही बॉडी प्रोटेक्टर पहन कर पहुंचें। सूचना मिलने के बाद एक-एक कर एसीपी और थाना प्रभारी पहुंचना शुरू हो गए। कई ऐसे थे जो विलंब से पहुंचे। विलंब हुआ से पहुंचने वालों को देखकर अपर पुलिस आयुक्त संजीव त्यागी और डीसीपी सिटी सोनम कुमार का पारा चढ़ गया। वह दोनों बोले कोई पथराव नहीं हो रहा है। आप कितने गंभीर रहते हैं। आपका रिस्पॉन्स टाइम देखने के लिए वायरलेस किया गया था।

# सपा ने पलिया क्षेत्र में आयोजित की पीडीए की बैठक

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** होली के त्योहार पर लोगों के साथ खुशियों में शामिल होने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान ने पलिया विधानसभा क्षेत्र के गांव पहुंचकर गरीबों और असहायों को साड़ियां, कपड़े और मिठाइयां वितरित की और इस दौरान पीडीए की बैठक भी आयोजित हुई। पीडीए की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव रेहान खान ने कहा भाजपा सरकार जनता विरोधी है यह बात जनता में जाहिर हो चुकी है। लोग परेशान हैं यही कारण है कि 2027 में सपा सरकार बनेगी। उन्होंने बताया कि होली का त्यौहार है लोग महंगाई के चलते परेशान हैं। गरीबों और असहयों की होली सूनी न रह जाए इसको लेकर वह क्षेत्र के सुमेर नगर बिसेनपुर, चरगा, घोला, सिमरी, बम नगर आदि दर्जनों गांव में पहुंचकर लोगों को सूट और साड़ियां तथा अन्य सामन वितरित किया ।इसके अलावा रीता सिंह, श्री कृष्ण मौर्या, श्याम बिहारी, फुरकान अंसारी, शोएब, जावेद सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# होली पर्व समाज को एकता के सूत्र में बंधने का देता है अनोखा संदेश:नायब सिंह सैनी

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि होली का पावन पर्व समाज को एकता के सूत्र में बंधने का एक अनोखा संदेश देता है। इस पावन पर्व पर होलिका दहन की लपटों में समाज की तमाम बुराइयां नष्ट हो जाती है और होली के रंगों की तरह समाज खिल उठता है। इन पावन पर्वों, तीज और त्यौहारों से हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत देश में सबसे अनोखी है।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को देर सायं लाडवा में एक निजी पैलेस में होली पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने हल्का लाडवा के नागरिकों के साथ फूलों की होली खेली और एक-एक नागरिक से मिलकर होली के पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने होली के पावन पर्व पर लोक कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। इन कलाकारों ने बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके होली के पावन पर्व को और यादगार बनाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने एक घंटा से ज्यादा लोगों के बीच फूलों की होली खेली इस दौरान लाडवा के नागरिकों के खुशी का ठिकाना ना था, क्योंकि मुख्यमंत्री स्वयं उनके साथ होली का पर्व मनाने के लिए उनके बीच पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडवा के नागरिकों के बीच होली का पर्व मनाकर अपने आप को गौरवनित महसूस कर रहे है। इस पावन पर्व के साथ देश की संस्कृति का अनोखा संगम है। इस पावन पर्व पर सभी नागरिक जात-पात, लड़ाई झगडे भूलकर भाईचारे की भावना के साथ एक दूसरे को रंग लगाते है। इस रंग से समाज में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनता है। इस पर्व के साथ एकता और सहयोग की अटूट धारा बहती है। यह पर्व दुनिया का सबसे अनोखा पर्व है। इस पर्व पर प्रत्येक व्यक्ति को पुराने गिले शिकवे दूर करके भाईचारे की मजबूत कड़ी के साथ जुड ? का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इस पावन पर्व पर एक भारत श्रेष्ठद्द भारत की भावना भी मजबूत होती है। इस होली पर्व के दौरान हरियाणा में 36 बिरादरी के लोग एक साथ मिलकर खुशियां मनाते है। इस धरा पर तीज त्यौहारों की पृष्ठभूमि पौराणिक और वैज्ञानिक है। इसी से त्यौहार हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को ऐतिहासिक और यादगार बनाते है।

मुख्यमंत्री ने कहा होली पर्व पर सभी को संकल्प भी लेना चाहिए कि स्वच्छता पर फोकस रखेंगे, पर्यावरण को शुद्ध बनाएंगे, प्राकृतिक रंगों से होली खेलेंगे, जल का संरक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि नगर निकाय चुनावों में लोगों ने भाजपा प्रत्याशियों को एक तरफा जीत दी है। इस कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर, उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, नपा अध्यक्षा साक्षी खुराना, नपा चेयरमैन आशीष चक्रपाणी, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, भाजपा नेता राहुल राणा, प्रवीण चौधरी, परमजीत कौर कश्यप, गुरनाम सैनी आदि रहे।


K.M. UNIVERSITY
MATHURA (U.P.)
मेरा सपना
बीमारी मुक्त हो मथुरा अपना
किशन चौधरी
कुलाधिपति - के.एम. विश्वविद्यालय
अध्यक्ष - जिला पंचायत, मथुरा
आपका भाई, आपका बेटा आपके दुख-दर्द का साथी
प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क उपचार
मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी के आर्शीवाद से के.एम. परिवार ब्रजवासियों की सेवा के लिए 24 घण्टे समर्पित है
केएम हॉस्पिटल
स्वास्थ्य की राजधानी
सबसे सस्ते ऑपरेशन
₹ 5000/-*
दवाई व जाँचों सहित ऑपरेशन
सबसे सस्ती MRI
₹ 2500/-*
नियम व शर्ते लागू
सबसे सस्ती CT-SCAN
₹ 1500/-*
नियम व शर्ते लागू
सबसे सस्ता अल्ट्रासाउण्ड
₹ 300/-*
नियम व शर्ते लागू
हेल्प लाइन नं.
8477 000 180
7055 505 130
केएम मेडीकल कॉलेज एण्ड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
पता : पाली डूँगरा, सौंख रोड, मथुरा - 281123
हेल्प लाइन नं. 8477 000 180 7055 505 130


GM NURSING
PERAMEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
May this Holi Fill your Life
with unfading colors of Helath
Happy Holi
GM
HOSPITAL
G.N.M.
(Nursing Diploma)
A.N.M.
(Nursing Diploma)
Railway Station, Kunjera Road, Goverdhan (Mathura)
+91-9536965556, 7982355506
www.gmcollege.ac.in shreejeegm@gmail.com


होली
जग होरी
ब्रज होरा
ब्रजभूमि आगमन पर सभी आगन्तुकों का
हार्दिक अभिनन्दन
करते हैं
दिनेश फलाहारी
मुख्यपक्षकार
श्री कृष्णजन्मभूमि संघर्ष न्यास
श्रीकृष्णजन्मभूमि से मस्जिद हटने तक अन्नजल ग्रहण नहीं करूँगे


होली
जग होरी
ब्रज होरा
ब्रजभूमि आगमन पर सभी आगन्तुकों का
हार्दिक अभिनन्दन
करते हैं
श्री मनीषपूर्णानंद जी महाराज
श्री वंशीकृष्णम् जी महाराज
भागवताचार्य
श्री गजेन्द्रमुखी आश्रम,श्रीधाम गोवर्धन


जग होरी
ब्रज होरा
होली
ब्रजभूमि आगमन पर सभी आगन्तुकों का
हार्दिक अभिनन्दन
करते हैं
N.K SHARMA Adv.
DIRECTOR
SATISH SHARMA
DEPUTY DIRECTOR
MADHU SHARMA
SECRETARY
श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय
ग्रुप ऑफ एजूकेशनल इंस्टीट्यूशंस
पता-मथुरा रोड,जमुनावता,गोवर्धन (मथुरा)



होली
जग होरी
ब्रज होरा
ब्रजभूमि आगमन पर सभी आगन्तुकों का
हार्दिक अभिनन्दन
करते हैं
दाऊदयाल शर्मा
पर्यावरण प्रेमी,जतीपुरा गोवर्धन
वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ


आज के पावन पर्व पर आये सभी भक्तो का हार्दिक स्वागत है ।
होली एवं फूलडोल मेला की
हार्दिक शुभकामनाएं
भागवत कथा प्रवक्ता:-
श्री गौरव अविरल शास्त्री जी
सम्पर्क सूत्र : 9528454501,8650331000



होली
जग होरी
ब्रज होरा
ब्रजभूमि आगमन पर सभी आगन्तुकों का
हार्दिक अभिनन्दन
करते हैं
कपिल चतुर्वेदी
दीपक गुप्ता
मथुरा,उ.प्र


होली
जग होरी
ब्रज होरा
ब्रजभूमि आगमन पर सभी आगन्तुकों का
हार्दिक अभिनन्दन
करते हैं
पूर्णिमा कौशिक
प्रधानाचार्य
मो.9084689000,6396652431,9084426054
आदर्श कामिनी शिक्षा निकेतन गर्ल्स इण्टर कॉलेज,गोवर्धन

# बरेली वासियों को वेलकम इंडिया परिवार की तरफ से होली की हार्दिक शुभकामनाएं



**चरण सिंह ब्यूरो चीफ**
**वेलकम इंडिया**















## होली से पहले बरेली में दोहरे हत्याकांड से सनसनी चाचा-भतीजे की गोलियों से भूनकर हत्या

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** थाना फरीदपुर क्षेत्र के घारमपुर गांव में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे एक सनसनीखेज वारदात हुई। बाइक सवार चाचा-भतीजे को घेरकर बदमाशों ने गोलियों से भून डाला, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, सीओ फरीदपुर और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। दौलत खां (55) और उनके भतीजे रईस खां (26) गुरुवार सुबह बाइक से बुखारा रोड स्थित निमार्णाधीन कॉलोनी के पास से खेतों की ओर जा रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने असलहे लहराते हुए उन्हें घेर लिया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। हमलावरों ने रईस खां के सीने और कंधे पर गोली मारी, जबकि दौलत खां की पीठ में दो गोलियां दागी गईं। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। प्राथमिक जांच में इस हत्याकांड के पीछे पुरानी रंजिश का शक जताया जा रहा है। 2018 में गांव के ही नन्हे मिस्त्री की हत्या हुई थी, जिसमें दौलत खां का नाम सामने आया था। तभी से दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ था। आशंका है कि इसी रंजिश के चलते गुरुवार को दौलत खां और उनके भतीजे रईस खां की हत्या कर दी गई।




## प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**बरेली।** थाना फरीदपुर क्षेत्र में बुधवार रात एक 17 वर्षीय किशोरी ने प्रेम प्रसंग के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद से किशोरी का परिवार और गांव वालों गम का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दिया है। जानकारी के अनुसार किशोरी ने अपने कमरे में दुपट्टे से पंखे के सहारे फांसी लगा ली थी। देर रात जब परिजनों ने देखा कि उसका कमरा अंदर से बंद है और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है, तो उन्होंने दरवाजा तोड़ा, और देखा कि बेटी फंदे से लटकी हुई थी।

परिजनों ने तुरंत उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद सूचना पर मौके पर फरीदपुर थाना पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और अन्य सबूतों की जांच की जा रही है।

## बारादरी थाने के एजाज नगर गौटिया के एक घर में जोरदार धमाका, कई घायल



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** बारादरी के एजाज नगर गौटिया में गुरुवार सुबह तड़के साढ़े 5 बजे एक घर में जोरदार धमाका हुआ, जिससे मकान की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं और सभी शीशे चकनाचूर हो गए। इस हादसे में परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

फील्ड यूनिट की जांच में यह सामने आया कि धमाका सिलेंडर फटने से नहीं बल्कि वैक्यूम बनने के कारण हुआ। बारादरी पुलिस के मुताबिक सुबह 5:20 बजे एजाज नगर गौटिया निवासी अफसर हुसैन ने पुलिस को सूचना दी कि मोहल्ले के असलम के घर में करीब 20 मिनट पहले तेज धमाका हुआ, जिससे घर के दरवाजे, खिड़कियां और छत क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि असलम और आमिर, दो भाई अपने परिवार के साथ दो मंजिला मकान में रहते थे। ग्राउंड फ्लोर पर जरी का काम होता था, जबकि परिवार ऊपरी मंजिल पर रहता था। मकान के पिछले हिस्से में बाथरूम बना था। जांच में अनुमान लगाया गया है कि विस्फोट गीजर के गैस लीकेज से हो सकता है, लेकिन मौके पर कोई गीजर नहीं मिला।

# राजा भैया पर पत्नी भानवी की एफ आई आर, आरोपो पर गोपाल भैया दिखा रहे भानवी का असली चेहरा

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़** । कडा विधायक और लोकतांत्रिक जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजाभैया का विवादो और अक्सर उनपर लगने वाले आरोपो का चोली दामन का साथ रहा है ।

इसे प्रतापगढ़ की जनता सूबे की पूर्व मुख्यमन्त्री मायावती के द्वारा पोटा लगाने से लेकर जबरन अपने पक्ष मे वोटिंग सी ओ जियाउलहक हत्याकांड आदि विषयो हर बार निर्दोष साबित हुए देखती चली आ रही है तो वही एक बार फिर लगातार कुडा से जीतते आ रहे राजा भैया पर उनकी पत्नी ने गभीर आरोप लगा एफ आई आर करायी है इस विषय मे प्रतापगढ़ की जनता कह रही है कि हर बार कि तरह इस बार भी राजा भैया पर लगने वाले आरोप गलत साबित होगे । राजा भैया उर्फ रघुराज सिंह और उनके पत्नी के बीच विवाद चल रहा है। विवाद तो काफी दिन से चल रहा है, लेकिन इन दोनों ज्यादा जोरो पर है।जो पूरे देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस लड़ाई में राजा भैया के बाल सखा और प्रतापगढ एम एल सी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह के बारे में बताते हुए कहा कि भानवी सिह का असली चेहरा सबके सामने लाने का वक्त आ गया है। कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने सोशल मीडिया एक्स पर भानवी सिंह के खिलाफ एक लंबा-चौड़ा पोस्ट किया है। जिसमें लिखा है, ₹हम सभी का ये मानना है कि घर की बात घर में ही रहती तो अच्छा होतालेकिन घर की बात को बाहर लाया कौन? घर की बात को मसालेदार गॉसिप बनाकर लोगों के बीच परोसने वाली भानवी सिंह का असली चेहरा आप लोगों के सामने लाना आवश्यक है, और ये सिलसिला जारी रहेगा। भइया तो इस विषय पर कुछ कहते नहीं हैं, लेकिन ये अवश्य कहूंगा कि जिस तरह से भानवी सिंह विष वमन कर राजा भइया की छवि धूमिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाये हैं कोई भी पत्नी अपने पति के लिए कभी भी ऐसा न कहेगी न लिखेगी, उनके इसी व्यवहार के कारण भइया 10 वर्षों से अधिक से उनसे अलग ही रह रहे हैं।1995 में भइया से विवाह होने के बाद भानवी सिंह को भदरी से चल- अचल अकूत संपत्ति दी गयी, जिसमें प्रतापगढ़ में खेत, बाग, दिल्ली में शानदार बंगला, उत्तराखंड में विशाल सेब के बाग और जमीन, साथ ही वे दो व्यापारिक संस्थान की मालकिन बनीं, आभूषणों, गहनों की तो कोई गिनती ही नहीं है।उन्हें इतनी संपत्ति मिली की उनकी संपदा राजा भइया से अधिक हो गयी। कई वर्षों से वे राजा भइया से अधिक आयकर रिटर्न भरती हैं। इतने से भी जब उनका मन नहीं भरा तो उन्होंने अदालत से राजा भइया के जैसी जीवनशैली जीने के लिए और अपने साज श्रृंगार के लिए महंगे विदेशी ब्रांड खरीदने के लिए राजा भइया से '10 लाख' प्रति माहकी मांग करी। कुछ ही दिनों में उन्हें लगा कि ये रकम उनके शौक पूरा करने के लिए बहुत कम हैं और उन्होंने अपनी मांग बढ़ा कर '100 करोड़' रुपये और साथ में ही '25 लाख' रुपये प्रति माह भइया से अदालत के माध्यम से मांगे। मैंने जो उपरोक्त बातें कहीं हैं, सभी प्रमाणित हैं, इसके अभिलेख न्यायालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। ये मांग सही है या गलत ये निर्णय मैं आप लोगों के विवेक पर छोड़ता हूं।₹ यहा यह बताना जरूरी है कि भानवी सिंह और राजा भैया के पति-पत्नी का 30 साल पुराना रिश्ता टूटने के कगार पर है।

# गरीब महिलाओं को साड़ी व फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी**। शीतला माता मंदिर, साकेत नगर में गुरुवार को गरीब महिलाओं को साड़ी व फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व पूनम मिश्रा, महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य, वाराणसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें अंशिका और आशुतोष सेठ मंजू भी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सेवा और सहयोग की भावना को सराहा और पूनम मिश्रा के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

# तीर्थ नगरी ब्रजघाट चौकी प्रभारी ने नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ साझा की होली पर्व की खुशियां



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ जनपद हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाली तीर्थ नगरी बृजघाट की पुलिस चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव जो कि अपराधियों से निपटने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। वहीं बच्चों के साथ खुशियों साझा करने को लेकर पीछे नहीं रहते हैं। जिनके द्वारा होली पर्व को लेकर तीर्थ नगरी ब्रजघाट में नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ होली पर्व की खुशियां साझा करते हुए उनको रंग गुलाल पिचकरिया वितरण की गई। होली की खुशियों का तोहफा रंग, गुलाल, पिचकरिया पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव के द्वारा बच्चों के साथ होली पर्व की खुशियों के इजहार को देखते हुए यहां यह कहावत चरितार्थ होती है कि जो भरा नहीं है भावों से जिसमें बहती रस धार नहीं वह हृदय नहीं पत्थर है जिसमें बच्चों की खुशियों के प्रति सरोकार नहीं।

# भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति कार्यालय पर मनाया होली मिलन समारोह



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़**/थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के ग्राम सिंमरौली में गढ़ दिल्ली रोड पर स्थित हीरो एजेंसी के पास भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समारोह में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलने के साथ होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वही इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के जिला अध्यक्ष हरविंदर सिंह जिला उपाध्यक्ष अमरीक सिंह ने बताया कि हमारी यूनियन गरीब किसानों एवं मजदूरों के हित के लिए कार्य करते हुए। किसानों का शोषण करने वालों से न्याय दिलाने का कार्य करती है। साथ ही उन्होंने मीडिया को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि मीडिया सच का आईना दिखाने का कार्य करती है। मीडिया के द्वारा उनकी आवाज को उठाने पर उनको धमकी देने के मामले में पुलिस एक्शन मोड मे आई है। जिसको लेकर उनके संगठन के द्वारा मीडिया को भी धन्यवाद दिया गया।

# अबीर लगाकर नगर पंचायत कर्मियों को दी होली की बधाई



**वेलकम इण्डिया**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर**। होली आपसी भेदभाव भुलाकर गले मिलने का पर्व है। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने वृहस्पतिवार शाम को नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों को अबीर गुलाल लगाकर मिष्ठान , गुलाल देकर होली की शुभकामनाएं दीं। सबके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर संदीप यादव, पिंकू मोदनवाल, अरुण त्रिपाठी, मनोज यादव, विद्या प्रकाश मौर्या, मोनू गुप्ता, अटल प्रजापति, दिवाकर मिश्रा, सुबास मास्टर, दिलीप बाल्मिकी, विजय कुमार, दिलीप पासवान, लालू नाइक आदि मौजूद रहे।

# बिंदल शुगर मिल एंड डिस्टलरी में धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह



**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर** : बिंदल शुगर मिल एंड डिस्टलरी में गत वर्षो की भर्ती इस वर्ष भी होली मिलन समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। और सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर, गले मिलकर होली शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह के दौरान डिस्टलरी हेड राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौंदर्य का त्यौहार है इसे हमें प्रेम के साथ मनाना चाहिए। राजेश कुमार शर्मा एक समाजसेवी है जो समय-समय पर गरीब, निर्धन लोगों की मदद करते रहते हैं। इस मौके पर मनन राजपूत, कुलवेन्दर शर्मा, सचिन राणा आदि मौजूद रहे।

# तय रूट के अनुसार ही निकलेगी होली की शोभायात्रा

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर**। होली के दिन शुक्रवार को थाना के रजिस्टर में दर्ज रूट के अनुसार ही होली की शोभायात्रा निकलेगी। नई परम्परा की शुरूआत नहीं होने दी जायेगी। उक्त बातें उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ राहुल सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत शोहरतगढ़ में मन्दिर कमेटी व हिन्दू समुदाय के मतानुसार होली शुक्रवार को मनाई जा रही है। नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि शान्तिपूर्ण वातावरण में रंगों का त्योहार होली हंसी खुशी व आपसी भाईचारा बनाये रखते हुए होली का पर्व मनाएयें। होली

शुक्रवार को पड़ने के कारण दूसरे समुदाय के रोजेदार जामा मस्जिद में जुमा की नमाज अदा करेंगे। इसे देखते हुए 12 बजे तक ही होली खेलने की अनुमति दी गयी है।

# वेतन न मिलने पर इलेक्ट्रॉनिक बस डिपो के चालको ने किया हड़ताल

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद**। गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित इलेक्ट्रॉनिक बस डिपो के चालको ने गुरुवार को वेतन न मिलने पर डिपो में बस खड़ी कर हड़ताल कर दिये। दर्जनों की संख्या में इलेक्ट्रॉनिक बस के चालको ने 12 बजे डिपो में बस खड़ी कर विरोध चालू कर दिये और मांग करने लगे कि जबतक वेतन खाते में नही आ जाता है बस डिपो से बाहर नही निकलेगा।चालको का आरोप रहा है कि होली का त्योहार है इसके बाद भी चालको का वेतन रोक दिया गया है जब चालक वेतन की मांग करने लगे तो कहां गया होली के बाद आएगा ऐसे में होली का त्योहार कैसे मनाया जाएगा।चालक के हड़ताल की सूचना पर करीब ढाई घण्टे बाद डिपो पर पहुंचे ग्रीन सेल कंपनी के अधिकारी अनीश ने चालको को काफी समझाने का प्रयास किये लेकिन चालक बस डिपो से बाहर ले जाने को तैयार नही हुई।जिसके बाद ग्रीन सेल के अधिकारी अनीश द्वारा जीसीएम हेड सुमन सिंह से चालको का वेतन खाते में डालने के लिये बात किया गया तो जीसीएम हेड द्वारा शाम तक वेतन खाते में डालने के आश्वासन पर बस चालक माने और करीब तीन घंटे बाद बस का संचालन चालू कर दिये।इलेक्ट्रॉनिक बस तीन घंटे ठप रहने के कारण आने जाने वाले यात्रियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।हड़ताल करने वाले बस चालको में अमित उपाध्याय, रामसूरत यादव, नवीन सिंह, आजाद सिंह, राकेश ठाकुर, रोशन सिंह, भोला यादव, संजय पटेल, राजेश मौर्या, सर्वेश मिश्रा, विनोद यादव, अंबुज मिश्रा, पंकज सिंह, श्याम नारायण, सुभाष प्रजापति, बबलू पटेल समेत दर्जनों बस चालक रहे।

# जे०पी० पब्लिक स्कूल में भारी संख्या में विद्यार्थी टैलेंट हंट प्रतियोगिता का पंजीकरण कराने पहुंचे

**वेलकम इंडिया**

**चांदपुर** : क्षेत्र के अग्रणीय शिक्षण संस्थान जे०पी० पब्लिक स्कूल चांदपुर में टैंलेट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 9वीं और 11वीं तक के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

परीक्षा का पाठ्यक्रम सामान्य ज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान आदि विषयों में एनसीईआरटी पर आधारित होगा। टैलेंट हंट प्रतियोगिता का पंजीकरण निःशुल्क रहेगा। इस परीक्षा में जो विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करेगा उसे शुल्क छात्रवृत्ति दी जाएगी। जिसमें प्रत्येक कक्षा से दो विद्यार्थी होंगे। टैलेंट हंट परीक्षा जे०पी० पब्लिक स्कूल चांदपुर में ही संपन्न कराई जाएगी। जिसका समय 16 मार्च 2025 को 10 बजे से 12 बजे तक रहेगा। परीक्षा में पंजीकरण कराने के लिए भारी संख्या में विद्यार्थी पहुंच रहे हैं आज भी काफी संख्या में विद्यार्थियों ने पहुंचकर अपना पंजीकरण कराया। यह सुनहरा मौका बच्चों को अपना टैलेंट दिखाने का है। विद्यालय के चैयरमैन विकास गुप्ता (रॉकी) ने टैलेंट हंट प्रतियोगिता के विषय को सांस्कृतिक विवरण में बताते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से क्षेत्र में शिक्षा का विकास अधिक प्रगति से होगा। मैनेजर नीतू गुप्ता ने टैलेंट हंट के बारे में कहा कि प्रतिस्पर्धा का मुख्य उद्देश्य चांदपुर क्षेत्र में विद्यार्थियों के कौशल को एक अलग तरीके से निखारना है तथा देश हित में क्षेत्र के नवयुवक-युवतियों का योगदान बढाना है। विगत 26 वर्ष से जे०पी० पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी विद्यालय रहा है। विद्यालय का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखना रहा है। दिन प्रति दिन विद्यालय शिक्षा की जरूरतों को ध्यान में रखकर वर्तमान समय के अनुरूप जरूरी बदलाव लाता रहा हैं। उसी के फलस्वरूप विद्यालय आधुनिक लैब, क्लास रूम उपलब्ध कराता है। अनुभवी शिक्षक अपनी कार्य कुशलता से इस उद्देश्य को चरितार्थ करने में निरंतर अपना योगदान दे रहे हैं।

# ड्रोन कैमरा की मदद से पुलिस ने परखी बर्डपुर कस्बे की सुरक्षा

**वेलकम इंडिया**

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर**। मोहाना थाना व शुद्धोधन चौकी पुलिस ने ड्रोन कैमरे के जरिए बर्डपुर कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। होली और पवित्र माह रमजान को लेकर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। पैदल गश्त कर पुलिसवालों ने लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

वृहस्पतिवार शाम को सदर सीओ अरुण कान्त सिंह, प्रभारी निरीक्षक मोहाना अनूप कुमार मिश्र व शुद्धोधन चौकी प्रभारी ने बर्डपुर कस्बे के खान टोला, तेली टोला बर्डपुर बाजार में ड्रोन कैमरा चलाकर मकानों व छतों की निगरानी की और संवेदनशील, अति संवेदनशील क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण किया। पूर्व में धर्मगुरुओं के साथ शांति समिति की बैठक करने के बाद पुलिस अपने स्तर से भी व्यवस्था को व्यापक स्तर पर दोष करने में जुटी है।प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं होगी। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन की मदद से कस्बे की गलियों में देखा गया कि कहीं छतों पर ईंट-पत्थर तो नहीं हैं। हालांकि, कहीं पर कोई आपत्तिजनक सामान नहीं दिखा। पुलिस त्योहार और सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से सतर्क हैं। सड़क से लेकर आसमान तक से निगरानी की जा रही है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मोहान अनूप कुमार मिश्र, शुद्धोधन चौकी प्रभारी थाना व चौकी पुलिस बल आदि मौजूद रहे।



# दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट कर महिला व एक युवक को किया घायल

वेलकम इंडिया





**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना आजादपुर निवासी एक महिला ने पड़ोस के दो युवकों पर घर में घुसकर पीड़िता सहित उसकी सास एवं देवरानी और उसके पति के साथ तमंचे की बट मार कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते ही थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मारपीट का वीडियो घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना आजादपुर निवासी महिला रश्मि उर्फ सुनीता पत्नी पंकज कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम को वह अपने घर पर बैठी हुई थी और उनके घर पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था।

आरोप है कि तभी मोहल्ले के ही दो सगे भाई हाथों में तमंचा लेकर पीड़िता के घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जब बीच बचाव करने के लिए उसकी सास ममता पत्नी घनपाल एवं देवरानी साक्षी पत्नी बादल छुड़ाने के लिए आई तो आरोपियों ने उनके साथ भी अश्लील हरकत करते हुए जमकर मारपीट की। शौर शराबा होने पर पड़ोस के लोग मौके पर आ गए आरोपी परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। आरोप है कि जब उसके देवर सूर्य ने घर पर आकर घटना की जानकारी हुई तो उसने आरोपियों का विरोध किया आरोपियों ने पीड़िता के देवर के सिर में तमंचे की बट मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दबंगों के द्वारा की गई मारपीट की पूरी घटना उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित महिला ने अपनी सास एवं देवर का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस को सीसीटीवी फुटेज देते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

# होली मिलन समारोह का आयोजन कर होली की शुभकामनाएं दी

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा बी एस फार्म हाउस गाजियाबाद में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर होली की शुभकामनाएं दी ।

कार्यक्रम की थीम पश्चिमी उत्तर प्रदेश किसान ट्रैक्टर और किसान रहा। सभी ने मंत्री जी के साथ होली का जश्न मनाया। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी डी शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री शिवमोहन भारद्वाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद अतिथि जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा महामंत्री लोकेश कौशिक नीरज कौशिक विनीतकांत पाराशर भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय त्यागी ब्लॉक प्रमुख राजापुर राहुल डैनी गन्ना सहकारी समिति के अध्यक्ष राजन चौधरी पार्षद अमित त्यागी तरुण भारद्वाज जयनंद शर्मा सुनील दत्त शर्मा सुशील कुमार शर्मा आसाराम शर्मा अनेक पदाधिकारी ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## सात साल की रेहाब शमीम ने रखा जिंदगी का पहला रोजा

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** खुदा की इबादत का पाक महीना रमजान का दूसरा अशरा चल रहा है रमजान के इस पाक महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं. रमजान के इस पवित्र महीने में ब्लॉक क्षेत्र करमाखान की रहने वाली सात साल की रेहाब शमीम

ने भी पहला रोजा रखा इतनी कम उम्र होने के बाद भी रेहाब शमीम ने बड़ी सिदत्त के साथ पहला रोजा रखा.रोजे के दौरान खुदा से इबादत कर घर परिवार,देश और दुनिया में अम्न शांति की कामना की.सदफ नाज के पिता शमीम अहमद कहते हैं कि जिस तरह से बड़े रोजा रखते हैं और इबादत करते हैं उसी तरह से रेहाब शमीम ने भी पहला रोजा रख खुदा की इबादत की है। पिता शमीम अहमद ने बताया कि रेहाब शमीम ने उनसे जिद करते हुए कहा कि वो भी माहे रमजान में पहला रोजा रखेंगी.परिवार वाले पहले तो खुश हुए फिर बच्ची की छोटी उम्र को देखते हुए परेशान भी हुए कि कहीं बच्ची को कोई दिक्कत न हो।

घरवालों ने दी इजाजत:परिवार वालों ने पहले तो गर्मी के मौसम को देखते उसे समझाया,पर जब बेटी रेहाब शमीम नहीं मानी तो परिवार वालों ने उसे पहला रोजा रखने की इजाजत दे दी.अम्मी और अब्बू से रोजे रखने की इजाजत मिलते ही रेहाब शमीम की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुहम्मद हनीफ खान, मुहम्मद अयूब खान, मुहम्मद परवेज अख्तर, खुर्शीद आलम आदि ने मुबारकबाद पेश किये हैं।

## ए आर सी डिग्री कालेज के एमडी शमशेर अहमद ने जनपदवासियों को होली की दी बधाईयां

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** होली का महापर्व होलिका दहन आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है जगह-जगह लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं।

तो वहीं जिले के तप्पा उजियार सेमरियावां क्षेत्र में लगातार शिक्षा की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं अफउ पीजी व पैरामेडिकल कॉलेज मुड़ाडीहा बेग के एमडी शमशेर अहमद ने लोगों को होली की बधाईयां दी है। उन्होंने छात्र छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षाविदों सहित समस्त जनता को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का यह त्योहार जीवन में हर्ष एवं उल्लास का प्रतीक है। यह अनेकता में एकता की हमारी संस्कृति को और मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि होली यानी रंगो का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है। उन्होंने सभी से होली पर्व को मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है।

## रास्ते के विवाद में मारपीट, घायलों को पहुँचाया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 1496 से इवेंट सं0 14522 द्वारा रास्ते विवाद को लेकर मारपीट में घायल 02 व्यक्तियों साजरा बानो पुत्री आशिक अली, रमजान आलम पुत्र आशिक अली ग्राम परसाशेख थाना दुधारा के सम्बन्ध में सूचना दिया,सूचना मिलते ही पीआरवी आ0 गौतम कुमार, आ0 धर्मेन्द्र कुमार मौर्य, हो0 चा0 सुरजित कुमार ने घटनास्थल पर समय से पहुँचकर घायल व्यक्तियों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु सी0एच0सी0 सेमरियावा भेजवाया गया । घटना के सम्बन्ध में थाना दुधारा को अवगत कराया गया ।

## मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 101 वाहनों से 1,10,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 101 वाहनों से 1,10,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया ।

# एसआरएमआईएसटी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली-एनसीआर कैंपस में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग के तत्वावधान में ह्लरसायन विज्ञान में भाषा की भूमिकाह्व विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक आयोजन का संयोजन रसायन शास्त्र विभाग द्वारा किया गया, जिसमें देशभर के 40 से अधिक शिक्षकों और शोधार्थियों ने भाग लिया।

संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुश्री मर्सी ललरोहलु, सहायक निदेशक (वि) सीएसटीटी , संस्थान के डीन विज्ञान एवं मानविकी प्रोफेसर नवीन अहलावत एवं सभी आमंत्रित विषय विशेषज्ञों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ हुआ ह्व तत्पश्चात प्रो. रवि पी. सिंह (आईआईटी दिल्ली), डॉ. बीर पाल सिंह (सीसीएसयू मेरठ), डॉ. हर्ष खारकवाल (एमिटी यूनिवर्सिटी), प्रो. संगीता अग्रवाल (एसएसवी कॉलेज, हापुड़), डॉ. सुदेश कुमार (एनसीईआरटी), प्रो. अर्पित संड (मानव रचना यूनिवर्सिटी) और डॉ. कविता यादव (मिरांडा हाउस, दिल्ली विश्वविद्यालय) जैसे प्रख्यात विद्वानों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।संगोष्ठी के अंतिम चरण में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा एक संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें तकनीकी शब्दावली के विकास और अनुप्रयोग पर विचार-विमर्श हुआ। समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संगोष्ठी ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में हिंदी के बढ़ते महत्व को रेखांकित करते हुए, तकनीकी शब्दावली को सरल एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अपनी छाप छोड़ी। यह संगोष्ठी विज्ञान जगत और भाषा के समन्वय की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा।

# पूर्व सांसद राज बब्बर ने होली की दी शुभकामनाएं



वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** कांग्रेस नेता नरेंद्र राठी के घर सिने अभिनेता व पूर्व सांसद राज बब्बर ने आकर उनके नवजात पौत्र को आशिर्वाद दिया और होली की शुभकामनाएं दी। सभी के साथ फूलों की होली खेली इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल' राहुल साहनी' प्रदीप कुमार जाटव' बसपा सतीश शर्मा पूर्व मंत्री.पूर्व पार्षद जितेन्द्र टांक.संजय शर्मा.के एन पांडेय.आदि क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रस्तावित सैनिक स्कूल नगर पंचायत निवाड़ी में बनाए जाने को लेकर ज्ञापन दिया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) के पदाधिकारियों ने मोदीनगर तहसील पहुंचकर पूर्व कई वर्षों से प्रस्तावित सैनिक स्कूल गाजियाबाद की नगर पंचायत निवाड़ी में बनाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया। पूर्व में सांसद रहे डॉक्टर सतपाल सिंह सांसद द्वारा एवं पूर्व जिला अधिकारी महोदय द्वारा नगर पंचायत निवाड़ी में सैनिक स्कूल बनाया जाना था। जिसका प्रस्ताव भी पास हो चुका था और निवाड़ी नगर पंचायत में सैनिक स्कूल के लिए जमीन भी चिन्हित की जा चुकी थी।

लेकिन मौजूदा सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान द्वारा पूर्व से प्रस्तावित सैनिक स्कूल को स्थानांतरित कर बडौत में बनवाये जाने की मांग की जा रही है। जिसको लेकर आज क्षेत्र के लोगों ने भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) के बैनर तले उप जिला अधिकारी महोदय को ज्ञापन सोपा। सैनिक स्कूल को नगर पंचायत निवाड़ी में बनाए जाने की मांग की। यदि उक्त सैनिक स्कूल को यहां से स्थानांतरित किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) और क्षेत्र के आम जनता एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# अजय ग्रोवर पंजाबी संगठन के अध्यक्ष पद के लिए पुनः निर्विरोध चुने गए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** पंजाबी संगठन निर्वाचन समिति द्वारा अजय ग्रोवर को पुनः पंजाबी संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध चुना जाता है। समिति के सदस्यों ने कहा कि अजय ग्रोवर पुनः इस पद का कार्यभार संभालेंगे और पूरी निष्ठा से कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। हमारी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। इस मौके पर निर्वाचन समिति के सदस्य विश्वबन्धु सचदेव डॉ. रमेश भाटिया विजय मेहरा डॉ. गुरुदत्त हरविंदर भुटानी एवं दीपक ग्रोवर देवेंद्र ढींगरा संजय नायर रमेश खुराना आदि आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

# होली के मद्देनजर टाण्डा में पुलिस का फ्लैग मार्च

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** होली त्योहार के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। एसपी रामपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने पुलिस बल के साथ नगर व क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने नागरिकों से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की और असामाजिक तत्वों पर सख्त नजर रखने का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने कहा कि यह फ्लैग मार्च त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए किया गया है। पुलिस बल की सक्रियता से क्षेत्र में माहौल शांतिपूर्ण बना रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े तथा लोग राहत महसूस करें। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे कानून का पालन करें और होली का पर्व शांति और सद्भाव के साथ मनाएं।

## डीएम के निर्देश पर जांचोपरांत न्यू आर्या हास्पिटल के संचालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में तहसील धनघटा अन्तर्गत नेतवापुर स्थित न्यू आर्या हास्पिटल उमरिया बाजार के संचालक द्वारा अवैध रूप से चिकित्सालय संचालित किए जाने के संबंध में शिकायत मिलने व जांच/निरीक्षण के उपरांत शिकायत सही पाए जाने पर चिकित्सालय के संचालक के विरुद्ध थाना धनघटा में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

उल्लेखनीय है कि उक्त प्रकरण में जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी व उप जिलाधिकारी धनघटा द्वारा संयुक्त रूप से श्रीमती रेखा पत्नी सुनील, ग्राम व पोस्ट चपरा पूर्वी, तहसील धनघटा जनपद संत कबीर नगर के शिकायत पर नेतवापुर स्थित न्यू आर्या हास्पिटल उमरिया बाजार का औचक निरीक्षण दिनांक 18.02.2025 को किया गया था, जिसमें संचालक द्वारा तीन मरीजों को भर्ती करके इलाज किया जा रहा था जिनमें दो मरीज प्रसव आपरेशन के थे व एक मरीज सामान्य प्रकृति का था। मौके पर कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। संचालक से चिकित्सकों के अनुपस्थित के बारे में पूछने पर अवगत कराया गया कि चिकित्सक अभी कहीं गये है। मैं उनसे आपकी बात करवाता हूँ और संचालक ने अपने फोन द्वारा किसी व्यक्ति (चिकित्सक) से बात करायी गयी, चिकित्सक ने बताया कि मैं अभी झाँसी में हूँ तथा चिकित्सालय में दो दिन से न आने की बात स्वीकारी।

# मंत्री सुनील शर्मा के होली मिलन समारोह में दिखी हिंदू-मुस्लिम एकता

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में सौहार्द और एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। समारोह में सभी धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और होली की खुशियों को दोगुना कर दिया।

समारोह में पारंपरिक पहाड़ी लोकगीतों, ढोल-नगाड़ों की धुन और चंदन के टीकों ने समां बांध दिया। चारों ओर रंग-बिरंगी होली और उल्लास का नजारा था। इसी दौरान नासिर नामक युवक मंत्री सुनील शर्मा से मिलने पहुंचा, जिसे उन्होंने गले लगाकर होली की बधाई दी। मंत्री सुनील शर्मा ने इस मौके पर कहा कि होली प्यार और उमंग का त्यौहार है और इसे हर देशवासी पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाता है। उन्होंने कहा कि भेदभाव फैलाने वाले लोग केवल राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करते हैं, जबकि मेरे लिए होली, दीपावली, ईद, रमजान, गुरुपर्व और क्रिसमस जैसे सभी त्योहार समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। समारोह में खाने-पीने का भी शानदार इंतजाम किया गया था। ठंडाई, जलेबी, चाट, पकौड़ी, टिक्की, छोले-कुलचे जैसे चटपटे और लजीज व्यंजनों का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। इस बीच, हींग वाले गोलगप्पे खास आकर्षण का केंद्र बने और लोगों को खूब पसंद आए।

# खुद को ओमान का हाई कमिश्नर बताने वाला फर्जी अधिकारी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। गाजियाबाद पुलिस ने फर्जी ओमान हाई कमिश्नर बनकर धोखाधड़ी और अनुचित लाभ उठाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना कौशांबी पुलिस ने छापेमारी कर डॉ. कृष्ण शेखर राणा को पकड़ा, जो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खुद को ओमान देश का हाई कमिश्नर बताकर वीआईपी सुविधा और प्रोटोकॉल का लाभ उठा रहा था। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने 42 विजिटिंग कार्ड, एक फर्जी आईडी कार्ड, एक लाल-नीली बत्ती, दूतावास नंबर प्लेट (सीडी-88-01) लगी नीले रंग की मर्सिडीज कार बरामद की है। पुलिस जांच में यह सामने आया कि वह गाजियाबाद, मथुरा, फरीदाबाद समेत कई शहरों में खुद को ओमान दूतावास का अधिकारी बताकर वीआईपी सुविधाएं लेता था और लोगों को धोखा देता था।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि डॉ. कृष्ण शेखर राणा चार अलग-अलग विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलर रह चुका है और 2015 से 2018 तक पर्यावरण मंत्रालय की अप्रेजल अथॉरिटी में भी कार्यरत था। साल 2024 में वह इंडिया जीसीसी ट्रेड काउंसिल नाम की एक एनजीओ का सदस्य बना, जो भारत और गल्फ देशों के बीच व्यापार बढ़ाने का काम करती है। बाद में, उसने खुद को ओमान का ट्रेड कमिश्नर बताना शुरू कर दिया और हाई कमिश्नर के नाम से वीआईपी सुविधाएं लेने लगा। आरोपी ने अपनी निजी मर्सिडीज कार (एचआर 26 सीएन 0088) पर डिप्लोमेट्स द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली नीली नंबर प्लेट (88 सीडी 01) लगाकर लोगों को धोखा देने का प्रयास किया।

गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी की गतिविधियों से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच शुरू कर दी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने और किन-किन लोगों के साथ धोखाधड़ी की है।

## होली के दिन नमो भारत ट्रेन के संचालन में बदलाव, शाम 4 बजे से मिलेगी सेवा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। होली के अवसर पर नमो भारत ट्रेन के संचालन में बदलाव किए गए हैं। एनसीआरटीसी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम) ने यात्रियों की सुविधा के लिए सूचना जारी की है, जिसके अनुसार 14 मार्च 2025 को सुबह से ट्रेन सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। एनसीआरटीसी के अनुसार, न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक चलने वाली नमो भारत ट्रेनें सुबह 6:00 बजे की बजाय शाम 4:00 बजे से शुरू होंगी और रात 10:00 बजे तक संचालित रहेंगी। होली के दिन (14 मार्च 2025) सुबह ट्रेन सेवाएं बंद रहेंगी। शाम 4:00 बजे से रात 10:00 बजे तक ही ट्रेनें चलेंगी। न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक के यात्रियों को यात्रा से पहले समय सारणी का ध्यान रखना होगा। एनसीआरटीसी ने यात्रियों से अपील की है कि होली के दिन ट्रेन सेवाओं की इस अस्थायी व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

## भारतीय सैन समाज ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। भारतीय सैन समाज द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। हर साल की तरह इस बार भी समाज के लोगों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए होली मिलन समारोह आयोजित किया। समारोह में भारतीय सैन समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व चेयरमैन बाबूलाल सेन व राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार सैन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में प्रेम और एकता को बढ़ावा देना है। इस विशेष आयोजन में सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही, राधा-कृष्ण की झांकी में फूलों की होली खेली गई, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। सतीश कुमार सैन ने कहा कि बाजार में रासायनिक रंग उपलब्ध हैं, जो त्वचा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार केवल गुलाल और फूलों से होली खेलने का निर्णय लिया गया। उन्होंने देशवासियों से भी अपील की कि रासायनिक रंगों से बचें और केवल गुलाल से होली खेलें। होली मिलन समारोह में रघुवर दयाल चंदेल सेन, जय भगवान सेन, देवेंद्र सैन, ओम प्रकाश, चमन सिंह सेन, रघुवीर सैन, दिनेश सेन, राज ठाकुर सेन, सतीश कुमार सैन सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं।

## होली पर बसों की संख्या बढ़ाने के बाद भी यात्री बेहाल, डग्गामार वाहन चालकों ने उठाया फायदा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। होली पर घर जाने के लिए यात्रियों को बसों के लिए घंटों भटकना पड़ा, जिससे डग्गामार वाहन चालकों को फायदा उठाने का मौका मिल गया।

हालात ये रहे कि यात्री तीन-तीन घंटे तक बसों का इंतजार करते रहे, लेकिन परिवहन विभाग की अतिरिक्त बसों की व्यवस्था भी नाकाफी साबित हुई। बस न मिलने की वजह से डग्गामार वाहन चालक डिपो के अंदर तक घुस आए और यात्रियों को जबरन अपने वाहनों में बैठाने लगे। मजबूर यात्री भी महंगा किराया देकर सफर करने को मजबूर हुए। गुरुवार को अधिकारियों ने दो डग्गामार वाहन चालकों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। परिवहन विभाग ने होली के लिए 250 अतिरिक्त बसें चलाने का दावा किया था, लेकिन हर साल की तरह इस बार भी यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। मोहन नगर तिराहा, कौशांबी डिपो, साहिबाबाद डिपो, लालकुआं और एनएच-9 सीआईएसएफ कट पर सुबह से ही यात्रियों की भीड़ जुट गई थी, मगर समय से बसें नहीं मिलीं। यात्रियों का कहना था कि डिपो में भी इंतजाम अधूरे थे। कौन सी बस कहां जाएगी, इसकी सही जानकारी नहीं मिल रही थी। आधे से एक घंटा तो यात्रियों को अपनी बस ढूंढ़ने में ही लग गया। यात्रियों की शिकायत है कि होली पर बस सेवा को बेहतर बनाने के दावों की पोल खुल गई। डग्गामार वाहन चालकों की मनमानी पर प्रशासन की पकड़ कमजोर नजर आई। पुलिस ने डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई शुरू कर दी है, लेकिन यात्रियों को अब भी राहत नहीं मिल पा रही है।

## गाजियाबाद के कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने

# अखनुर के शुभ इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षिकाओ को जय हिन्द का महत्व समझाया

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। अखनुर , जम्मू 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के नायक, वीर चक्र विजेता और राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने शुभ इंटरनेशनल स्कूल का दौरा किया। उन्होंने स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती शिल्पा महाजन के समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए उनके अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्कूल को 18 छात्रों से 800 छात्रों तक बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की श्रीमती शिल्पा महाजन राष्ट्रीय सैनिक संस्था की महिला विंग की जम्मू और कश्मीर राज्य की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्षा के रूप में भी काम करती हैं। राष्ट्रीय सैनिक संस्था 24 साल पुराना पंजीकृत, गैर-राजनीतिक संगठन है जिसमें पूर्व सैनिक और देशभक्त नागरिक दोनों शामिल हैं। संगठन राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देने और समाज के भीतर राष्ट्र के प्रति सम्मान पैदा करने के लिए समर्पित है। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक दूसरे का सम्मान और देशभक्ति के प्रतीक के रूप में जय हिंद कहने की शपथ ली। कर्नल त्यागी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया, उनका मनोबल बढ़ाया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, कड़ी मेहनत और देशभक्ति के महत्व के बारे में भी बताया। विद्यालय प्रशासन और विद्यार्थियों ने कर्नल त्यागी के प्रेरणादायक शब्दों के लिए उनका आभार व्यक्त किया और राष्ट्र सेवा की भावना को बनाए रखने का संकल्प लिया।

## खोड़ा में चोरों ने कार का शीशा तोड़कर कीमती सामान उड़ाया

**गाजियाबाद**। खोड़ा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक कार का शीशा तोड़कर हजारों रुपये का कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विश्वनाथ कॉलोनी, सोम बाजार निवासी शुमन शंकवार ने पुलिस को बताया कि 10 मार्च को उसने अपनी कार पोंड तालाब के सामने सर्विस रोड पर पार्क की थी।

रात के समय चोरों ने कार का शीशा तोड़ दिया और स्टेपनी, एसी, टायर, टेल लाइट, इंजन हेड सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। खोड़ा पुलिस के अनुसार, शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और चोरों की तलाश की जा रही है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का पता लगाया जा सके।

# होली से पहले शराबियों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, 1642 लोग गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। होली पर्व से पहले गाजियाबाद पुलिस ने शराबखोरी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ा शिकंजा कस दिया है। बीती रात पुलिस ने जिलेभर में रिकॉर्ड कार्रवाई करते हुए 1642 लोगों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने खुले में शराब पीने, ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन और सार्वजनिक स्थलों पर हुड़दंग मचाने जैसी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए।

सिटी जोन के में बुधवार को कुल 1219 लोगों को चेक किया गया। इनमें 4 शराब पीकर वाहन चला रहे थे जबकि 39 लोग दुपहिया पर ट्रिप्लिंग करते पकड़े गए। इनके अलावा दो दुपहिया चालकों के साइलेंसरों को पटाखे छोड़ने के लिए मॉडीफाई कराया पाया गया। इनके सहित कुल 1264 लोग पकड़े गए जो नियम विरूद्ध खुले में शराब का सेवन कर रहे थे। दिल्ली से सटे जिले के ट्रांस हिंडन जोन में आने वाले सभी थानों की पुलिस ने भी होली से पहले एक्शन दिखाया। नतीजतन 144 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें थाना इन्दिरापुरमझ30, कौशाम्बीझ 27, खोड़ाझ 16, साहिबाबादझ 20, लिंकरोडझ 15, शालीमार गार्डनझ 16, टीलामोड़ 20 सहित कुल 144 लोगों के विरुद्ध 34 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही अमल में लाई गयी। देहात जोन के सभी थाना क्षेत्रों में भी पुलिस ने अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान 234 लोगों के खिलाफ पुलिस ने एक्शन लिया। इसमें थाना लोनी-40, थाना ट्रोनिका सिटी-02, थाना अंकुर विहार-15, थाना लोनी बॉर्डर-21, थाना मसूरी-13, थाना मुरादनगर-29, थाना मोदीनगर-32, थाना निवाड़ी-20, थाना भोजपुर-06, थाना वेव सिटी-12, थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक-44 सहित कुल-234 व्यक्तियों के विरुद्ध 34 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही अमल में लाई गयी। गाजियाबाद पुलिस ने चेतावनी दी है कि होली पर कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# इंदिरापुरम में चेन और मोबाइल चोरी, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में चोरों ने सक्रियता बढ़ा दी है। बाजार में सामान खरीदने गए एक युवक की सोने की चेन चोरी हो गई, वहीं ऑटो में सफर के दौरान एक अन्य युवक का मोबाइल फोन चोरों ने उड़ा लिया। दोनों पीड़ितों ने इंदिरापुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अनुकंपा अपार्टमेंट निवासी आशीष 12 मार्च को तिरंगा चौक मार्केट में खरीदारी करने गया था। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर उसकी सोने की चेन चोरी कर ली। आशीष ने बताया कि जब उसने अपने गले पर ध्यान दिया, तो चेन गायब थी। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी और शिकायत दर्ज कराई। गौतमबुद्ध नगर निवासी दिनेश कुमार 10 मार्च को दोपहर लगभग 2 बजे ऑटो में सफर कर रहा था, तभी चोरों ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। दिनेश को चोरी का पता तब चला जब उसने फोन निकालने की कोशिश की, लेकिन वह गायब था।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला से छेड़छाड़, लोगों ने आरोपी को पकड़ा

**गाजियाबाद**। साहिबाबाद थाना क्षेत्र में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। रामनगर, आराधना सिनेमा निवासी रवि यादव 11 मार्च की रात करीब 10 बजे अपने घर लौट रहे थे।

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश करा 8.21 लाख रुपये की धोखाधड़ी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। कविनगर क्षेत्र निवासी सुनील कुमार शर्मा से साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग में 300 प्रतिशत का मुनाफा दिलाने का आश्वासन देकर आठ लाख 21 हजार 400 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। निवेश की गई धनराशि का लाभांश 31.85 लाख रुपये दशार्या। रुपये निकालने की एवज में टैक्स के रूप में 6.69 लाख रुपये की मांग की। पीड़ित ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। विवेकानंद नगर निवासी सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि जुलाई 2024 को रवि शर्मा नाम के युवक का उनके मोबाइल पर कॉल आया। रवि शर्मा ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर 300 प्रतिशत मुनाफा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद उनकी कॉल खुद को वित्तीय विशेषज्ञ बताने वाले राजीव बत्रा को ट्रांसफर की गई। राजीव बत्रा ने लिंक भेजकर एक मोबाइल एप डाउनलोड कराकर तमाम जानकारी उसमें दर्ज कराई। इसके बाद उन्होंने राजीव बत्रा और रवि शर्मा द्वारा भेजे गए बैंक अकाउंट में धनराशि निवेश की। उनके डी-मैट खाते में मुनाफे के 31 लाख 87 हजार 378 रुपये जमा होना बताया गया। जब उन्होंने रुपये निकालने का प्रयास किया तो वह असफल रहे। उन्होंने राजीव बत्रा से रुपये न निकल पाने की शिकायत की। उन्होंने काफी दिनों तक तकनीकी खराबी होने का कारण बताकर निवेश कराते रहे। बताया कि बार-बार रुपये निकालने के आग्रह करने पर साइबर ठगों ने कैपिटल गेन टैक्स के रूप में 6.69 लाख रुपये अतिरिक्त जमा करने की मांग की।